RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www. bordernewsmirror.com

बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 260 , बुधवार, 04 नवंबर 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


छठ महापर्व को लेकर डीएम ने घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा और स्वच्छता के निर्देश दिए 03


चम्पारण सत्याग्रह के पुरोधा बाबू लोमराज सिंह की 98वीं पुण्यतिथि की गई श्रद्धांजलि अर्पित 04

अभिनेत्री फातिमा सना शेख का सिजलिंग एथनिक लुक वायरल... 07

भारत ने पहली बार एक लॉन्चर से 2 मिसाइलें दागीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही लॉन्चर से 2 मिसाइलें लगातार दागी जा सकती हैं। 500 किलोमीटर तक मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्वासी-बैलेस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता भी बदल सकती है। इस परीक्षण के पहले 2 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को वहां से हटा दिया गया था। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता वाले सिस्टम विकसित कर चुके हैं। हालांकि, भारत ने यह क्षमता अपनी स्वदेशी तकनीक से विकसित की है। आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता।

- 500 किमी दूर 2 टारगेट किया तबाह, टेस्ट रहा सफल
- डीआरडीओ का कमाल, पाकिस्तान बॉर्डर पर होगी तैनाती

अग्निवीरों के पहले बैच को एक्सटेंशन दे सकती है सरकार

21 नवंबर को खत्म होगा कार्यकाल, दिल्ली में हुई कई हाईलेवल बैठकें



नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार पहले बैच के कुछ अग्निवीरों की चार साल की सेवा पूरी होने के बाद एक्सटेंशन देने पर विचार कर रही है। यह उन अग्निवीरों के अलावा होगा, जिन्हें स्थायी रूप से सेना में शामिल किया जाएगा। पहले बैच की चार साल की सेवा 21 नवंबर को खत्म होगी। इससे पहले स्थायी भर्ती की प्रक्रिया चल रही है और एक्सटेंशन के प्रस्ताव पर फैसला होने की उम्मीद है। सोमवार को सामने आई जानकारी के मुताबिक, इस प्रस्ताव पर पिछले कुछ दिनों में कई हाईलेवल बैठकें हो चुकी हैं। अभी सरकार ने कोई फैसला घोषित नहीं किया है। प्रस्तावित एक्सटेंशन कितने समय का होगा, यह अभी साफ नहीं है। अग्निपथ योजना 2022 में शुरू की गई थी। इसके तहत तीनों सेनाओं के अन्य रैंक में युवाओं की चार साल के लिए भर्ती की जाती है।

संक्षिप्त समाचार

इंडियन नेवी ने लुटेरों से ईरानी जहाज को बचाया

- सोमालिया के लुटेरों ने क्रू के 20 लोगों का अपहरण किया था

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय नौसेना ने सोमाली समुद्री लुटेरों के कब्जे से मछली पकड़ने वाला जहाज अजिनी छुड़ा लिया। नौसेना ने जहाज के 20 ईरानी क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाया। यह ऑपरेशन सोमवार को पूरा हुआ। 12 हथियारबंद समुद्री लुटेरों ने गुरुवार को सोमालिया के उत्तर-पूर्वी तट जहाज का अपहरण



किया था। मुंबई से 3,000 किमी से ज्यादा दूर चले 48 घंटे के ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने भी मदद की। भारतीय नौसेना ने अजिनी को खोजकर रोका। इसके बाद जहाज और उसके क्रू को समुद्री लुटेरों से छुड़ाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना को सफल ऑपरेशन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना ने समय पर मदद की।

आरएसएस के 3 साल का एजेंडा तय,5 मुद्दों पर फोकस

- जेन-जी आंदोलन पर सुनील आंबेकर बोले-देशहित में होना चाहिए

इंदौर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अगले तीन साल सामाजिक समरसता, पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच विषयों पर फोकस करेगा। संघ ने इन्हें पंच परिवर्तन नाम दिया है। शताब्दी वर्ष के दौरान इन विषयों को समाज तक पहुंचाने के लिए गृह संपर्क अभियान, सम्मेलन और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इंदौर में सोमवार को शुरू हुई अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक में इन कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना पर मंथन हुआ। बैठक के बाद अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने जेन-जी आंदोलन से जुड़े सवाल पर कहा कि देश में कोई आवाज उठाता है तो संघ को पक्ष-विपक्ष के नजरिए से क्यों देखा जाता है।



आजम खान पर शत्रु संपत्ति मामले में शिकंजा

- आसान नहीं विधानसभा चुनाव से पहले रिहाई

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान को रामपुर जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद एक बार फिर जेल जाना पड़ा है। उनको रामपुर की मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी और जौहर ट्रस्ट से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग केस में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में डासना जेल में भेज दिया गया है। रामपुर में शत्रु संपत्ति पर कब्जे के मामलों ने आजम खान के सामने नई मुसीबतें खड़ी कर दी हैं। प्रवर्तन निदेशालय आजम खान पर इन मामलों को लेकर शिकंजा कस रहा है। आजम खान को रविवार को गाजियाबाद के विशेष प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट कोर्ट ने 14 दिन की ज्यूडीशियल कस्टडी में भेज दिया। उनके खिलाफ कब्जे को लेकर कई मामले दर्ज हैं।

श्रीनगर से सांसद मेहंदी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस छोड़ी

- जनसभा में सांसद पद से इस्तीफे का किया ऐलान



श्रीनगर (एजेंसी)। नेशनल कॉन्फ्रेंस से श्रीनगर के सांसद आगा रूहुल्लाह मेहंदी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने संसद की सदस्यता भी छोड़ने का ऐलान किया। मंगलवार को बडगाम में जनसभा करके उन्होंने सार्वजनिक रूप से इस्तीफे पर हस्ताक्षर किए। रूहुल्लाह ने कहा- यह आजादी का फैसला है। मैं एक शहीद की विरासत और पाक खून की नस्ल का प्रतिनिधित्व करता हूं। मैं अपनी आजादी के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर रहा हूं। आज दोपहर 2:40 बजे से मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा नहीं हूं। उन्होंने बडगाम में पिता आगा सैयद मेहंदी की 26वीं पुण्यतिथि पर जनसभा बुलाई थी। रूहुल्लाह ने बताया कि वे अपना इस्तीफा अशरफ मट्टू के जरिए पार्टी को भेजेंगे। उन्होंने पार्टी पर लोगों की गरिमा से समझौता करने का आरोप लगाया।

विरोध के नाम पर किसी जगह पर कब्जा नहीं कर सकते

दिल्ली में हुए प्रदर्शनों को लेकर सीजेआई की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने विरोध प्रदर्शनों, लोगों को बड़ी संख्या में हिरासत में लेने, पुलिस की बर्बरता, मेट्रो स्टेशनों को बंद करने और इंटरनेट बंद किए जाने के खिलाफ व्यापारियों की याचिकाओं पर आज मंगलवार को सुनवाई की। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, आप किसी जगह पर हमेशा के लिए कब्जा नहीं कर सकते। अन्य प्रदर्शनकारी भी हैं। किसान या वकील कहां जाएंगे। हर किसी को विरोध करने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी पिछले महीने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विपक्षी दलों और अन्य लोगों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ किए गए बड़े विरोध प्रदर्शन की सुनवाई के दौरान आई, जब उस जगह से विरोध प्रदर्शन स्थल का दर्जा हटाए जाने की प्रक्रिया चल रही थी। सुप्रीम कोर्ट में व्यापारिक संगठनों ने याचिका दायर की, जिसमें बताया कि विरोध प्रदर्शनों की वजह से उनका काफी नुकसान हो रहा है।



व्यापारियों ने कहा- त्योहारों में 2000 करोड़ का नुकसान

सुनवाई के दौरान दिल्ली के व्यापारिक संगठनों की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा कि प्रदर्शनों के कारण दिल्ली में कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। त्योहारों के सीजन में दुकानें बंद रहीं और बिक्री घट गई। उन्होंने दावा किया कि कारोबारियों को करीब 2,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अगर त्योहारों के सीजन में बिक्री नहीं होगी तो व्यापारियों और उनसे जुड़े लोगों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कोर्ट से अगले दो महीने तक किसी भी तरह के प्रदर्शन या धरने पर रोक लगाने की मांग की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिल्ली पुलिस की ओर से कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए सिर्फ एक दिन की अनुमति दी गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी 17 दिन तक वहां बैठे रहे।

होर्मुज में भारतीय जहाज पर हमला,एक की मौत

- 14 भारतीय सवार थे,13 इंडियनों को बचाया गया

ओमान (एजेंसी)। होर्मुज स्ट्रेट में 2 नवंबर को एक भारतीय जहाज पर हमला हुआ। इसमें गुजरात के एक नाविक की मौत हो गई। जहाज पर सवार बाकी 13 भारतीयों को ओमान के कोस्ट गार्ड ने सुरक्षित बचा लिया। मृतक की पहचान गांधार नाहीम अजीज के रूप में हुई है। जहाज का नाम



अल जुसुफी है। हमला कैसे हुआ और किसने किया इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हमले के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर जहाजों की आवाजाही और कारोबार बिना किसी रुकावट के जारी रहना चाहिए। ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा एजेंसीके मुताबिक, इस साल अक्टूबर में होर्मुज स्ट्रेट और उसके आसपास जहाजों पर 30 से ज्यादा हमले हुए।

छोटे शहरों को भी विकास के केंद्र के रूप में तैयार करना होगा

- मोदी बोले-पहले गरीबी खत्म करने के वादे होते थे,अब जमीनी स्तर पर काम हो रहा
- 21 हजार करोड़ की पुणे मेट्रो परियोजनाओं का किया उद्घाटन,फडणवीस रहे मौजूद

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की कई पीढ़ियों ने गरीबी खत्म करने के वादे सुने हैं। पहले गरीबी के खिलाफ लड़ाई सिर्फ नारों तक सीमित थी, लेकिन अब इसे खत्म करने के लिए जमीन पर काम हो रहा है। उन्होंने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुणे मेट्रो की करीब 21,800 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए। आज दुनिया में भारत की चर्चा दो और वजहों से हो रही है। पहली, दुनिया में मुश्किल हालात के बावजूद भारत सबसे तेज आर्थिक विकास करने वाला देश बना हुआ है। दूसरी, सिर्फ 10 से 12 साल में भारत के 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आए हैं। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में भी इसका जिक्र किया गया है।



पुणे मेट्रो की लाइन-3 करीब 23 किलोमीटर लंबी है

पुणे मेट्रो की लाइन-3 यानी पिंक लाइन करीब 23 किलोमीटर लंबी है। यह मान से डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मेट्रो स्टेशन तक जाती है। इससे हिंजवड़ी हब और शिवाजीनगर के बीच मेट्रो सेवा शुरू होगी। इससे हजारों कर्मचारियों और दूसरे यात्रियों को आने-जाने में आसानी होगी।



महाराष्ट्र में खराब मौसम से कई किसान परेशान हैं

महाराष्ट्र में खराब मौसम से कई किसान परेशान हैं। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में पिछले कुछ सालों में जल संरक्षण के लिए काम हुआ है, लेकिन प्राकृतिक आपदा से किसानों को नुकसान हुआ है। इस मुश्किल समय में एनडीए सरकार किसानों की हर संभव मदद करेगी। देश के सैकड़ों छोटे शहरों को भी विकास के केंद्र के रूप में तैयार करना होगा। इसी सोच के साथ इस साल फरवरी में अर्बन चैलेंज फंड को मंजूरी दी गई थी। केंद्र सरकार इस फंड के लिए 1 लाख करोड़ की मदद दे रही है।

त्रिपुरा में बीएसएफ जवानों पर तस्करों का हमला

- 3 घायल, अब तक 8 गिरफ्तार ढाई साल में ऐसी 3 घटनाएं

अगरतला (एजेंसी)। त्रिपुरा के आशाबाड़ी बॉर्डर आउटपोस्ट के पास सोमवार को कुछ तस्कर अवैध सामान ले जाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान बीएसएफ की 49वीं बटालियन के जवानों ने उनका



पीछा किया और एक संदिग्ध को पकड़ लिया। उसकी पहचान हिफजुर रहमान के रूप में हुई है। इसी दौरान रहीमपुर कांतामुरा बॉर्डर आउटपोस्ट से बीएसएफ के 3 जवान गाड़ी से बॉक्सानगर जा रहे थे। रास्ते में तस्करों के एक समूह ने उन्हें घेरकर हमला कर दिया। हमलावरों ने जवानों के हथियार छीनने की कोशिश की और उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की। पुलिस ने मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीएम माणिक साहा ने घटना की निंदा की है और आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

पंजाब में अकाली-बीजेपी गठबंधन लगभग तय !

दीवाली के बाद लगेगी मुहर, दोनों पार्टियां हैं तैयार

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी और अकाली दल के बीच गठबंधन को लेकर चर्चाएं तेज हैं। इस बीच दोनों पूर्व एनडीए सहयोगियों के बीच गठबंधन पर अंतिम फैसला दीवाली के आसपास होने की उम्मीद है। पीएम मोदी खुद इस गठबंधन को लेकर ऐलान कर सकते हैं। बता दें कि इस घोषणा को एक ऐतिहासिक रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बठिंडा में एक विशाल रैली कराने की तैयारी भी चल रही है।



शाह ने 9 दिन में दूसरी बार कही एनडीए सरकार की बात

अमित शाह ने नौ दिनों के भीतर दूसरी बार पंजाब में एनडीए सरकार बनने की बात कही है। उन्होंने पहली बार 24 अक्टूबर को दिल्ली में यमुना पुनरुद्धार परियोजनाओं के शुभारंभ के दौरान यह बयान दिया था। इसके बाद चंडीगढ़ प्रशासन के एक कार्यक्रम में भी उन्होंने पंजाब में एनडीए सरकार बनने की बात दोहराई। खास बात यह रही कि उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में ही पंजाब में एनडीए सरकार का उल्लेख किया। बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता ने गठबंधन की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि सकारात्मक संकेत हैं।

मोदी-शाह और बादल परिवार की मुलाकात पर नजर

मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित होने वाला एक कार्यक्रम भी पंजाब की राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह कार्यक्रम बीजेपी उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह बादल की बेटी रिया और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता करण सिंह के पोते आरके मार्तंड सिंह के स्वागत के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम कैप्टन अमरिंदर सिंह की बेटी जय इंदर कौर के आवास पर होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पंजाब बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं, अकाली अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और उनकी पत्नी तथा बठिंडा की सांसद हरसिमरत कौर बादल के शामिल होने की उम्मीद है।

अमित शाह से मिले चिरंजीवी व राम चरण

- बोले-एआई और डीपफेक तकनीक से कलाकारों को खतरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी और उनके बेटे राम चरण ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों कलाकारों ने फिल्म इंडस्ट्री में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीपफेक तकनीक के बढ़ते गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई। चिरंजीवी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस मुलाकात की जानकारी दी। गृह मंत्री अमित शाह ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए सरकार की ओर से सख्त नियम और कड़े दंड का प्रावधान करने का आश्वासन दिया। साथ ही, मामले में औपचारिक लिखित आवेदन जमा करने की सलाह दी। चिरंजीवी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि गृह मंत्री अमित शाह से मिलना उनके लिए सम्मान की बात थी। उन्होंने गृह मंत्री को बताया कि डीपफेक और एआई का गलत इस्तेमाल कलाकारों के अधिकारों, आत्मसम्मान और क्रिएटिव कंटेंट के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है।



संक्षिप्त समाचार

ग्रामीणों ने बिजली का तार काटते 2 आरोपियों को पकड़ा, 6 लेन के पास 35 मीटर जला तार मिला

बीएनएम @ हाजीपुर। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र में छह लेन के पास बिजली का केबल तार काट रहे दो आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। दोनों तार का कवर जलाकर अंदर की धातु निकालने की तैयारी कर रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। 6 लेन के 67वें पाय के पास दोनों आरोपी ऊपर से एल्यूमीनियम कवर वाला बिजली का तार काटकर नीचे ले आए थे। आसपास के ग्रामीणों ने उन्हें देखा और पकड़ लिया। मौके की जांच और तलाशी में करीब 30 से 35 मीटर जला हुआ तार मिला। ग्रामीणों ने तार भी पुलिस को सौंप दिया। आरोपियों की पहचान मधुरापुर निवासी विकास कुमार, पिता बिरल राय, और रोशन कुमार, पिता बल्ली राय के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, पूछताछ में दोनों ने तार चोरी की बात स्वीकार की। उन्होंने गांव में पहले हुई कुछ चोरी की घटनाओं के बारे में भी जानकारी दी। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि दोनों पहले भी इलाके में चोरी कर चुके हैं। पूछताछ के दौरान कथित तौर पर चोरी में शामिल कुछ अन्य लोगों के नाम भी बताए गए। ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों को बिदुपुर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तार चोरी की अन्य घटनाओं में उनकी संभावित भूमिका की भी जांच कर सकती है।



दीपावली-छठ पर हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन चलेगी, दोनों दिशाओं में 5-5 फेरे

बीएनएम @ हाजीपुर। दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे हावड़ा और नई दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन चलाएगा। ट्रेन दोनों दिशाओं में पांच-पांच फेरे लगाएगी। इसका परिचालन 4 से 14 नवंबर के बीच होगा। रेलवे के मुताबिक, ट्रेन नंबर 04054 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल 4, 5, 7, 11 और 12 नवंबर को नई दिल्ली से शाम 6:15 बजे रवाना होगी। यह अगले दिन रात 11:40 बजे हावड़ा पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 04053 हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल 6, 7, 9, 13 और 14 नवंबर को हावड़ा से रात 1:40 बजे रवाना होगी। यह अगले दिन सुबह 8:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के पांच स्टेशनों पर रुकेगी। ये स्टेशन दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह हैं। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर और एसी श्रेणी के कोच होंगे। रेलवे के अनुसार, स्पेशल ट्रेन से त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने में मदद मिलेगी।



घर में छापेमारी, 12 लाख कैश बरामद, ब्राउन शुगर और स्मैक भी मिले, पिता-पुत्र गिरफ्तार, बहू से पूछताछ हो रही

बीएनएम @ हाजीपुर। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र में मध्य निषेध विभाग, राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो बिहार, पटना और वैशाली पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। टीम माइल पंचायत के बगुलिया गाछी निवासी पवन ठाकुर के मकान में कार्रवाई की है। पुलिस ने पवन ठाकुर और उसके बेटे नीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा नीरज कुमार की पत्नी को भी हिरासत में ले लिया है। नीरज कुमार दो साल पहले कंचनपुर गांव में एक हत्या मामले में नामजद अभियुक्त है। संयुक्त टीम दोपहर करीब 12 बजे मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि वह चोरी-छिपे नशे का कारोबार करता था। कार्रवाई के दौरान पवन ठाकुर ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। पवन ठाकुर के दो कमरों वाले मकान की तलाशी ली गई। इस दौरान अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखे गए रुपये निकाले गए। टीम ने करीब 56 ग्राम ब्राउन शुगर और 50 ग्राम स्मैक बरामद की है। मौके से 12 लाख 33 हजार रुपये नकदी बरामद हुई है।



प्रदर्शन से पहले पुलिस ने छात्रों को डिटेन किया, गांधी मैदान से सीएम हाउस तक मार्च की थी तैयारी



बीएनएम @ पटना। बिहार में भर्ती परीक्षाओं में धांधली, पेपर लीक, लंबित नियुक्तियों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर आज छात्र- और दरोगा अभ्यर्थी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले थे। छात्रों का कहना है कि सरकार की तरफ से सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। छात्रों का कहना है कि अब आश्वासन नहीं, ठोस जवाब चाहिए। अब अनियमितता नहीं, पारदर्शिता चाहिए। तारीख पर तारीख नहीं, समय पर परीक्षा और नियुक्ति चाहिए।' छात्रों ने बताया कि मार्च पटना के गांधी मैदान के गेट नंबर 10 से निकलकर सीएम हाउस तक जाना था। पुलिस ने छात्रों को रोकने के लिए जेपी गोलंबर पर बैरिकेडिंग की और गांधी मैदान से ही छात्रों को डिटेन करना शुरू कर दिया। पुलिस की सख्ती के बीच छात्र गांधी मैदान में नहीं जुट पाए और प्रदर्शन के लिए नहीं निकल सके।

सीएम हाउस-फिर एसपी आवास पर आईपीएस की पत्नी का धरना

बीएनएम @ पटना। खगड़िया एसपी भानु प्रताप सिंह और उनकी पत्नी पूजा सिंह के बीच चल रहा पारिवारिक विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। 3 दिन में दूसरी बार वो धरने पर बैठी हैं। अपनी 6 साल की बेटी से मिलने और पति के साथ दोबारा रहने की मांग को लेकर पूजा सिंह अब खगड़िया में एसपी आवास के बाहर धरने पर बैठ गई हैं। उन्होंने पूछा, आखिर किस कानून के तहत उन्हें उनकी बेटी से मिलने से रोका जा रहा है। इससे पहले एसपी की पत्नी ने 1 नवंबर में पटना में मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना दिया था। पूजा सीएम हाउस से लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय और महिला आयोग तक अपनी शिकायत लेकर पहुंच चुकी हैं। पूजा सिंह का आरोप है कि उनके पति उन्हें बेटी से दूर रख रहे हैं। वह पति से तलाक नहीं चाहतीं, बल्कि उनके साथ दोबारा परिवार बसाना चाहती हैं। इस पूरे मामले में अब तक कई प्रशासनिक स्तर पर बातचीत और हस्तक्षेप हो चुके हैं, लेकिन विवाद का समाधान नहीं निकल पाया है। खगड़िया में पत्रकार से बात करते हुए IPS की पत्नी ने कगा, 'ये लोग गेट नहीं खोल रहे हैं। ये कौन सा कानून है, जो अपनी बच्ची से और अपने पति से मिलने के लिए मुझे रोक सकता है? मुझे मेरी बच्ची से मिलने के लिए रोका जा रहा है? दो महीने होने को आए है, मेरी बच्ची से नहीं मिलने दिया जा रहा है। मुझे खगड़िया आवास में नहीं घुसने दिया जा रहा है।' न्याय और बेटी से मिलाने की मांग को लेकर पूजा सिंह 1 नवंबर को पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सरकारी आवास के बाहर धरने पर बैठ गई थीं। उन्होंने मुख्यमंत्री को 'भैया' कहकर भावुक अपील करते हुए कहा था कि उन्हें उनकी 6 साल की बेटी से मिलवाया जाए। धरने की जानकारी मिलने के बाद पटना पुलिस की महिला टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने उन्हें समझाकर सदर एसडीएम कार्यालय पहुंचाया। यहां करीब दो घंटे तक अधिकारियों के साथ बातचीत हुई। इस दौरान पूजा सिंह को आश्वासन दिया गया था कि खगड़िया एसपी को पटना बुलाया जाएगा। डीजीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने बातचीत कराई जाएगी।

पटना के न्यू मार्केट में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण

- **15-20 लाख के होंगे पटाखे, सीवान से भी बड़े हादसे का खतरा, अग्निशमन ने की जांच**

बीएनएम @ पटना



पटना के न्यू मार्केट में अवैध रूप से पटाखों का भारी भंडारण किया गया है। पटना जंक्शन से सटे इस इलाके में 8 से 10 दुकानें ऐसी मिली हैं, जो पूरी तरह पटाखों से भरी हुई थीं। यहां करीब 15 से 20 लाख रुपये के पटाखे रखे होने का अनुमान है। घनी आबादी और तंग गलियों के बीच इस तरह पटाखों का भंडारण बड़े हादसे को न्योता दे रहा है।

अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी ने की जांचः दीपावली को देखते हुए अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी लोदीपुर अजीत कुमार बुधवार को न्यू मार्केट में जांच करने पहुंचे। जांच के दौरान कई दुकानों में भारी मात्रा में पटाखे रखे मिले। अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि दीपावली को लेकर लगातार जांच और निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक की जांच में किसी भी दुकानदार के पास पटाखा बिक्री या भंडारण का लाइसेंस नहीं मिला है।

उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि न्यू मार्केट की गलियां काफी तंग हैं और पटना जंक्शन बिल्कुल पास में है। ऐसे संवेदनशील इलाके में पटाखों का भंडारण बेहद खतरनाक है। पटाखों में आग लगने के लिए एक चिंगारी ही काफी है। अगर आग लग गई तो फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचने से पहले ही बड़ा नुकसान हो सकता है।

सीवान से भी बड़ा हादसा हो सकता थाः अग्निशमन पदाधिकारी के मुताबिक, विभाग की टीम अलग-अलग इलाकों में घूम-घूमकर जांच कर रही है। सवाल यह है कि पटना जंक्शन जैसे महत्वपूर्ण स्थान के पास बिना लाइसेंस इतनी बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण कैसे हो रहा है? लापरवाही हुई तो सीवान से भी बड़ा हादसा हो सकता है।

बाढ़ में तेज रफ्तार वाहन ने युवक को रौंदा



- **20 मीटर तक गाड़ी ने फोरलेन पर घसीटा, मौके पर मौत, पहचान नहीं हो सकी**

बीएनएम @पटना

पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। रोड क्रॉस करने के दौरान हादसा हुआ है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना पंडारक थाना क्षेत्र में सरहन गांव के पास की है। राहगीरों के मुताबिक, व्यक्ति की किसी बड़े वाहन की चपेट में आने से हादसा हुआ है। उसका शव वाहन में फंसकर करीब 20 से 25 मीटर तक घिसटता गया। सड़क पर भी लगभग इतनी दूरी तक खून के निशान मिले हैं।

72 घंटे तक बॉडी सुरक्षित रखी जाएगीः मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पहचान के लिए आसपास के थानों से संपर्क किया गया है। 72 घंटे तक बॉडी को सुरक्षित रखा जाएगा। पहचान नहीं पर उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

सीसीटीवी खंगाल रही पुलिसः वहीं, इस संबंध में थानाध्यक्ष नवनीत राय ने बताया कि अज्ञात वाहन से टक्कर हुई है। हादसे के बाद ड्राइवर वाहन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी की पहचान के लिए आसपास के CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

सड़क हादसाः स्टेयरिंग फेल होने से पलटी स्कूल वैन, 12 बच्चे घायल

बीएनएम @ रामगढ़वा



थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा उस वक्त टल गया जब एक निजी स्कूल की वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वैन का स्टेयरिंग अचानक फेल हो जाने के कारण यह दुर्घटना हरिशंकर वर्मा कॉलेज के पास हुई, जिसमें वैन में सवार लगभग 12 बच्चे घायल हो गए और घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़वा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव मौआर पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे और ग्रामीणों के त्वरित सहयोग से सभी घायल बच्चों को फौरन नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़वा पहुँचाया गया, जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने तत्परता से उनका इलाज किया। गनीमत यह रही कि सभी बच्चों को समय पर चिकित्सा मिल गई और चोटें गंभीर नहीं थीं, जिससे प्राथमिक उपचार के बाद सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई गई और डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी। हादसे का शिकार हुए और सुरक्षित घर लौटे बच्चों में शिवानी निशा, सोहन कुमार, तबरेज़ आलम, परवेज आलम, साहिल, पलक सिंह, रुखसाना खातून, श्रेयांस गोस्वामी, समरीन गोस्वामी, अहसान मिया और ऐश्वर्या सिंह शामिल हैं, जिन्हें सुरक्षित उनके घर भेज दिया गया है। इस अचानक हुई दुर्घटना के बाद बच्चों के अभिभावकों में कुछ समय के लिए चिंता जरूर देखी गई, हालांकि सभी बच्चों के सकुशल अपने घर लौटने पर उन्होंने और स्थानीय लोगों ने बड़ी राहत की साँस ली है।

दहेज हत्या मामले में दो नामजद आरोपितों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

- **हरसिद्धि थाना कांड संख्या 381/26 का मामला, मुरारपुर बघवत गांव में पुलिस ने की विधिवत कार्रवाई**

बीएनएम @ हरसिद्धि



दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे दो नामजद आरोपितों के खिलाफ हरसिद्धि पुलिस ने कानूनी कार्रवाई तेज कर दी है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मंगलवार को दोनों आरोपितों के घर पहुंचकर विधिवत इश्तेहार तामिला कराया। इस कार्रवाई के बाद आरोपितों पर गिरफ्तारी के लिए पुलिस का दबाव बढ़ गया है। पुलिस के अनुसार, मामला हरसिद्धि थाना कांड संख्या 381/26, दिनांक 25 जुलाई 2026 से संबंधित है। दहेज हत्या के इस मामले में मुरारपुर बघवत गांव निवासी पिंकी कुमारी, पति शशिरंजन कुमार तथा आसा देवी, पति रामबाबू यादव को नामजद आरोपित बनाया गया है। दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण पुलिस ने उनके घर पहुंचकर न्यायालय के निर्देशानुसार इश्तेहार की तामिला कराई। पुलिस ने निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत दोनों के घर इश्तेहार चस्पा किया। इस कार्रवाई के जरिए आरोपितों को न्यायालय में उपस्थित होने का संदेश दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई में जुटी है। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

अनंत सिंह की बेटी की शादी में आएंगे पवन सिंह-अक्षरा

बीएनएम @ पटना



मोकाम विधायक अनंत सिंह की छोटी बेटी शिवांगी सिंह की शादी 25 नवंबर 2026 को है। शादी को लेकर नदवां गांव में तैयारियां शुरू कर दी गई है। मंगलवार को तैयारियों का जायजा लेने अनंत सिंह गांव पहुंचे। समर्थकों के मुताबिक, शादी समारोह काफी भव्य होगा। शादी समारोह में बिहार के नामी कलाकार शामिल होंगे। इसके अलावा फिल्म अभिनेता सोनू सूद, भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह, गायक गुंजन सिंह, उदित नारायण के अलावा कई भोजपुरी कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

अनंत सिंह का फिल्म अभिनेता सोनू सूद के साथ करीबी संबंध है। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सोनू सूद बिहार पहुंचे थे तो उन्होंने अपनी गाड़ी भेजी थी। अनंत सिंह और सोनू सूद की वीडियो कॉल पर बातचीत होती रहती है। शादी समारोह में आने वाले मेहमानों का विदेशी फूलों से स्वागत किया जाएगा। इसके लिए विदेश से फूल मंगवाने का ऑर्डर दिया गया है। हॉर्स राइडिंग का भी आयोजन होगा, जिसमें बाहरे से घुड़सवारों को बुलाया गया है। प्रथम विजेता को थार गाड़ी और दूसरे विजेता को बाइक और तीसरे विजेता को स्कूटी दिया जाएगा। गांव पहुंचते ही सबसे पहले अनंत सिंह ने हॉर्स राइडिंग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मैदान का भी निरीक्षण किया। काफी देर तक अपने लोगों के साथ घर के बाहर बैठे रहे। इस दौरान उनसे मिलने वाले लोगों का तांता लगा रहा।

आईपीएस कुंदन कृष्णन की संपत्ति को लेकर राजद सांसद सुधाकर सिंह ने उठाए सवाल, जांच की मांग

बीएनएम @पटना



बिहार के बक्सर लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी कुंदन कृष्णन और उनके परिवार की संपत्ति को लेकर कई आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि अधिकारी और उनकी पत्नी के नाम पर घोषित संपत्ति के अलावा भी कई जमीनें और निवेश हैं, जिनका विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है। सांसद ने दूसरे लोगों के नाम पर जमीन खरीदने और संभावित बेनामी संपत्ति का मामला भी उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

सुधाकर सिंह ने कहा कि कुंदन कृष्णन को अपने माता-पिता से करीब 38 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति विरासत में मिली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विरासत में मिली संपत्ति को लेकर वह भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा रहे हैं। उनका सवाल अधिकारी और उनकी पत्नी डॉ. मल्लिका सिंह के नाम पर अर्जित संपत्तियों को लेकर है। सांसद के मुताबिक, दोनों की ओर से घोषित संपत्ति का बाजार मूल्य करीब 87 करोड़ रुपये है। उन्होंने दावा किया कि इसके अतिरिक्त भी कई जमीनें और निवेश हैं, जिनका उल्लेख संपत्ति के विवरण में नहीं किया गया है।

सांसद ने कहा कि उन्होंने दस्तावेजों के आधार पर पड़ताल की है और कुछ जमीनों के रिकॉर्ड का सत्यापन भी कराया है। उन्होंने कैमूर जिले में करीब 16 एकड़ 88 डिसमिल कृषि भूमि की खरीद का मामला उठाया। उनके अनुसार, इस जमीन का बाजार मूल्य करीब दो करोड़ रुपये है, जबकि दस्तावेजों में इसकी कीमत लगभग 17.50 लाख रुपये दर्ज है। उन्होंने जमीन की खरीद में नकद भुगतान किए जाने का भी आरोप लगाया।

सुधाकर सिंह ने नालंदा जिले में कुंदन कृष्णन के पैतृक गांव के पास दिनेश राम नामक व्यक्ति से जमीन खरीदे जाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि इस जमीन का उल्लेख संपत्ति की घोषणा में नहीं किया गया है। इसके अलावा, पटना के मालसलामी इलाके के सिमरी-मुरारपुर में डॉ. मल्लिका सिंह के नाम पर करीब 10 कट्ठा जमीन होने की बात कही। सांसद ने इसका बाजार मूल्य करीब 20 करोड़ रुपये होने का अनुमान जताया। वहीं, ट्रांसपोर्ट नगर में कुंदन कृष्णन के नाम पर साढ़े तीन से साढ़े चार कट्ठा जमीन होने का भी दावा किया।

सांसद ने मालसलामी के अलग-अलग प्लॉट का विवरण देते हुए कहा कि एक प्लॉट में डॉ. मल्लिका सिंह के नाम पर करीब 40 कट्ठा और बिट्टू सिंह के नाम पर करीब 60 कट्ठा जमीन है। दूसरे प्लॉट में मल्लिका सिंह के नाम पर करीब 34 कट्ठा और बिट्टू सिंह के नाम पर करीब 70 कट्ठा जमीन होने का दावा किया गया। सुधाकर सिंह ने इन संपत्तियों की कीमत सैकड़ों करोड़ रुपये होने का अनुमान जताया। हालांकि, जमीनों के वास्तविक रकबे, बाजार मूल्य और स्वामित्व की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

सुधाकर सिंह ने शेयर बाजार में निवेश से जुड़े दस्तावेजों का भी हवाला दिया। उन्होंने दावा किया कि कुंदन कृष्णन और उनकी पत्नी के नाम पर एक्सिस बैंक, बजाज हिंदुस्तान, भारती टेलीवेंचर्स, सिप्ला, फोर्टिस हेल्थकेयर, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी और एनएमडीसी सहित कई कंपनियों के शेयर रहे हैं।

धनतेरस-दीपावली पर पटना में बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

बीएनएम @ पटना। पटना में धनतेरस और दीपावली के अवसर पर बाजारों में होने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है। 6 और 7 नवंबर 2026 को शहर के कई प्रमुख रास्तों पर वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित और परिवर्तित रहेगा। हालांकि, अग्निशमन, एंबुलेंस, मरीज और शव वाहनों को छूट दी गई है।

छज्जूबाग मोड़ से सिटी सेंटर मॉल जाने वाला रास्ता वन-वे रहेगा। आपातकालीन वाहनों को छूट मिलेगी। बुद्ध मार्ग में कोतवाली की ओर से आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा को छज्जूबाग की ओर जाने की अनुमति होगी। सिटी सेंटर मॉल और ताज होटल की पार्किंग से निकलने वाले वाहन बाएं मुड़कर नवीन पुलिस केंद्र की ओर जाएंगे। इसके बाद अशोक राजपथ या मरीन ड्राइव से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना से दो बच्चों को मिलेगा नया जीवन

बीएनएम @ वैशाली

- **तीन बच्चों का कटे होंठ-तालु और टंग टाई का होगा निःशुल्क इलाज**



मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित वैशाली जिले के दो मासूम बच्चों को निःशुल्क सर्जरी के लिए मंगलवार को अहमदाबाद रवाना किया गया। वहीं, कटे होंठ, कटे तालु (क्लेफ्ट लिप एवं क्लेफ्ट पैलेट) और टंग टाई से पीड़ित तीन अन्य बच्चों को बेहतर इलाज एवं शल्य चिकित्सा के लिए पटना भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग की इन पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के पांच बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने का रास्ता खुला है। मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के 106वें बैच के तहत अहमदाबाद भेजे गए बच्चों में बिदुपुर प्रखंड की खुशी रानी और वैशाली प्रखंड के आरव कुमार शामिल हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम ने स्क्रीनिंग के दौरान दोनों बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पहचान की थी। इसके बाद आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी कर उन्हें ख्यातिप्राप्त श्री सत्य साईं हृदय अस्पताल, अहमदाबाद में निःशुल्क सर्जरी के लिए भेजा गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति, वैशाली परिसर से स्वास्थ्य अधिकारियों ने विशेष एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों और उनके अभिभावकों को सड़क मार्ग से राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना पहुंचाया गया, जहां से उन्हें हवाई मार्ग द्वारा अहमदाबाद भेजने की व्यवस्था की गई। वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में बच्चों की हृदय संबंधी सर्जरी की जाएगी। रवानगी के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. कुमार मनोज, डीएमएंडईओ ऋतुराज, डीईआईसी प्रबंधक सह आरबीएसके समन्वयक डॉ. शाइस्ता, जिला लेखापाल शिप्रा सोनी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रवण कुमार उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों का उत्साहवर्धन करते हुए सफल ऑपरेशन और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसी क्रम में क्लेफ्ट लिप, क्लेफ्ट पैलेट (कटे होंठ एवं कटे तालु) तथा टंग टाई से पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को तीन चिन्हित बच्चों को शल्य चिकित्सा के लिए पटना भेजा गया। इनमें से एक बच्चे को मेडिवर्सल मातृ एवं शिशु हॉस्पिटल तथा दो बच्चों को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना भेजा गया है। पटना में फार्मासिस्ट राजीव कुमार अस्पताल प्रबंधन एवं बच्चों के परिजनों के बीच समन्वय स्थापित करेंगे, ताकि उपचार की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके। स्वास्थ्य विभाग की इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आर्थिक अभाव के कारण किसी भी बच्चे को जीवनरक्षक उपचार से वंचित नहीं रहने देना है। मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को पूरी तरह निःशुल्क उपचार एवं सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। वहीं, आरबीएसके के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित स्क्रीनिंग कर जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान की जाती है। आवश्यक जांच के बाद राज्य सरकार के खर्च पर उन्हें बेहतर चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए भेजा जाता है। इन प्रयासों से न केवल बच्चों को नया जीवन मिल रहा है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को भी बड़ी राहत मिल रही है।

संक्षिप्त समाचार

जिला के 76 पंचायतों में लगा सहयोग शिविर ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ त्वरित निष्पादन



बीएनएम @ मोतिहारी। जिले की कुल 76 पंचायतों में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का पंचायत स्तर पर समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं एवं लोक सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराना रहा। शिविर में विभिन्न विभागों के प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मियों ने निर्धारित काउंटरों पर उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। सड़क, आवास, राशन, पेंशन, राजस्व, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली एवं पेयजल सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र तथा मनरेगा जॉब कार्ड सहित विभिन्न आवश्यक सेवाओं का लाभ भी ग्रामीणों को दिया गया। कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं करने का निर्देश दिया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ मिला और उन्हें प्रखंड एवं जिला मुख्यालय का अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिली। इस अवसर पर संबंधित पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्य, सरपंच, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पांच करोड़ की जालसाजी में कुर्की वारंटी नोएडा से गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी। पांच करोड़ रुपये की जालसाजी के मामले में फरार चल रहे रामगढ़वा के जितेंद्र कुमार उर्फ जितेंद्र श्रीवास्तव को नगर थाना पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। उसके साथ एक महिला आरोपित को भी पकड़ा गया है। गिरफ्तार जितेंद्र के खिलाफ बिहार के अलावा महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में भी धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। वह कोर्ट परिवाद संख्या 1147/23 में कुर्की वारंटी था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार जितेंद्र कुमार रामगढ़वा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी प्रभु महतो का पुत्र है। पांच करोड़ रुपये की जालसाजी से जुड़े मामले में उसकी तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को उसके नोएडा में होने की सूचना मिली, जिसके आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। जितेंद्र का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके विरुद्ध नगर थाना में कांड संख्या 92/20 और 205/19 दर्ज हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के टप्पल थाना में कांड संख्या 410/25 दर्ज है। वहीं, कोर्ट परिवाद संख्या 1301/18 और 5911/16 में भी उस पर जालसाजी के आरोप हैं। पुलिस के मुताबिक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में भी उसके खिलाफ धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। नगर थाना पुलिस गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ और उसके विरुद्ध दर्ज अन्य मामलों की जानकारी जुटाने में लगी है। महिला आरोपित की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

इनामी भोजपुरी गायक संजय सिंह ने कोर्ट में किया सरेंडर, पुलिस दबिश के बाद डाले हथियार

बीएनएम @ मोतिहारी। सोशल मीडिया पर जातीय और धार्मिक विद्वेष फैलाने वाले गाने के मामले में फरार चल रहे इनामी भोजपुरी गायक संजय सिंह ने आखिरकार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। राजेपुर थाना क्षेत्र के कदमा निवासी संजय सिंह पर मुस्लिम समुदाय की महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर गाना प्रसारित करने का आरोप है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मामले में मोतिहारी साइबर थाना में कांड संख्या 159/26 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी के अनुसार, संजय सिंह, पिता वीरेंद्र सिंह, ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा गाना अपलोड किया था, जिसके बोल को लेकर जातीय एवं धार्मिक उन्माद फैलाने की आशंका जताई गई थी। गाने में मुस्लिम समुदाय की महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किए जाने का आरोप था। मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही संजय सिंह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस की लगातार दबिश और संभावित कुर्की-जब्ती की कार्रवाई के बढ़ते दबाव के बीच आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के बाद पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी है। पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से जातीय और धार्मिक तनाव फैलाने वाले भ्रामक एवं आपत्तिजनक कंटेंट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है।

स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस पर शिक्षा प्रतिभा और युवा शक्ति को मिलेगा नया प्रोत्साहन

बीएनएम @ पकड़ीदयाल। अनुमंडल क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, विद्यार्थियों की प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करने तथा शिक्षा, समाजसेवा और जनहित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से शिक्षा सम्मान एवं प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह-2026 के आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस आयोजन के अंतर्गत 10 जनवरी 2027 को सामान्य ज्ञान की लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी, जबकि 13 जनवरी 2027 को भव्य सम्मान समारोह के माध्यम से मेधावी छात्र - छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षा प्रेमियों, अभिभावकों, समाजसेवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन केवल एक सामान्य सम्मान समारोह नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार, सामाजिक चेतना, युवा जागरूकता और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की सामूहिक पहल के रूप में आकार ले रहा है। आयोजकों की सोच है कि ग्रामीण एवं अनुमंडल क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी अपनी योग्यता प्रदर्शित करने का ऐसा अवसर मिले, जहां उनकी मेहनत, ज्ञान और प्रतिभा को पहचान मिल सके। साथ ही समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार हो तथा नई पीढ़ी को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्राप्त हो। कार्यक्रम को स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस की भावना से जोड़कर आयोजित किया जा रहा है। भारत में प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। उनके विचारों में शिक्षा, आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का विशेष महत्व रहा है। इसी विचारधारा को केंद्र में रखकर विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों के सम्मान की परिकल्पना की गई है।

पांच हजार का इनामी शराब तस्करी का आरोपित बालि महतो गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिले में फरार और इनामी आरोपितों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में जितना थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने पांच हजार रुपये के इनामी और उत्पाद कांड के आरोपित बालि महतो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान जितना थाना क्षेत्र के बिजबनी गांव निवासी स्व. भुट्टा महतो के पुत्र बालि महतो के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बालि महतो जितना थाना कांड संख्या 226/26 (उत्पाद कांड) में आरोपित था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध पूर्व में भी शराब से जुड़े दो मामले दर्ज हैं। इनमें जितना थाना कांड संख्या 07/25 और 163/25 शामिल हैं। इस तरह उसके खिलाफ कुल तीन उत्पाद कांड दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। छापेमारी दल में जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक शिवजी पासवान, सिपाही रजनीकांत मंडल और चालक बीएचजी नागा कुमार शामिल थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अपहरण का भ्रामक वीडियो प्रसारित करने के आरोप में एक गिरफ्तार

» रील बनाने के लिए रची गई अपहरण की कहानी, जांच में वीडियो निकला स्क्रिप्टेड; तीन सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए किया गया था प्रसारित

बीएनएम @ मोतिहारी



सोशल मीडिया पर लड़की के अपहरण का भ्रामक वीडियो प्रसारित कर समाज में उन्माद फैलाने और शांति भंग करने की कोशिश के आरोप में मोतिहारी साइबर थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, वायरल वीडियो किसी वास्तविक घटना पर आधारित नहीं था, बल्कि पूर्व नियोजित तरीके से तैयार किया गया था। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य दो आरोपितों की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पूर्वी चंपारण की ओर से तीन नवंबर 2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा था। इसमें एक लड़की को जबरन गोद में उठाकर बोलेरो गाड़ी में बैठाते हुए दिखाया गया था। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक उसे बचाने का प्रयास करता नजर आ रहा था। वीडियो के साथ आपत्तिजनक कैप्शन भी लिखा गया था, जिससे लोगों के बीच भ्रम फैलने की आशंका थी। मामले की जांच मोतिहारी साइबर थाना पुलिस ने की। जांच में पता चला कि वीडियो किसी वास्तविक अपहरण की घटना का नहीं, बल्कि पूरी तरह से स्क्रिप्टेड था। पुलिस के अनुसार, फेसबुक अकाउंट संचालक मनीष कुमार दास, पिता समेंद्र दास, निवासी धनखड़िया सोनवर्षा, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण ने इंस्टाग्राम अकाउंट isa007stunt और newstonic99 के माध्यम से भ्रामक वीडियो को आपत्तिजनक कैप्शन के साथ प्रसारित किया था। पुलिस ने इस मामले में मोतिहारी साइबर थाना कांड संख्या 162/2026 दर्ज किया है। जिला आसूचना इकाई और साइबर थाना की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी के प्राथमिक आरोपित मनीष कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया। मामले में शामिल अन्य दो लोगों के विरुद्ध भी जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि इस तरह के भ्रामक वीडियो से समाज में उन्माद फैलने, शांति भंग होने और आम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचने की आशंका रहती है। सोशल मीडिया पर किसी भी वीडियो या खबर को सत्यता की पुष्टि किए बिना साझा करने से बचना चाहिए।

जल-जीवन-हरियाली दिवस पर हुई परिचर्चा



बीएनएम @ मोतिहारी

जिला जनसंपर्क कार्यालय के तत्वावधान में 'जल-जीवन-हरियाली दिवस' के अवसर पर मंगलवार को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए), मोतिहारी के कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में निदेशक, डीआरडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला मिशन प्रबंधक (जल-जीवन-हरियाली), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), विभागीय अभियंता सहित डीआरडीए के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। परिचर्चा के दौरान संबंधित पदाधिकारियों ने जिले में जल-जीवन-हरियाली अभियान एवं मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी साझा की। इसमें पारंपरिक जल स्रोतों के जीर्णोद्धार, वर्षा जल संचयन, पौधरोपण तथा भू-जल स्तर में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक सामाजिक दायित्व है। जल स्रोतों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और हरित आवरण बढ़ाने के लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। परिचर्चा का समापन जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जल-जीवन-हरियाली अभियान को धरातल पर सफल बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

छठ घाटों का महापौर व नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

बीएनएम @ मोतिहारी



छठ महापर्व को लेकर नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को घाटों पर किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए महापौर प्रीति कुमारी और नगर आयुक्त आशीष कुमार ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित वार्डों के निगम पार्षद भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने घाटों की साफ-सफाई, कचरा निष्पादन और श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और सफाई कर्मियों को छठ पूजा से पहले सभी घाटों की समुचित सफाई कराने तथा जरूरी व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाए, ताकि पूजा के दौरान किसी को परेशानी नहीं हो। नगर निगम की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में स्थित छठ घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही घाटों पर स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। नगर निगम प्रशासन ने छठ महापर्व को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया है।

छठ महापर्व को लेकर डीएम ने घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा और स्वच्छता के निर्देश दिए

बीएनएम @ मोतिहारी



लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने नगर आयुक्त आशीष कुमार एवं उप महापौर लाल बाबू प्रसाद गुप्ता के साथ शहर के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान बेगमपुर बैलखाना, पश्चिमी गोपालपुर स्थित सत्यदेव बाबू छठ घाट तथा मीना बाजार के समीप वृक्षा स्थान घाट पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी छठ घाटों की साफ-सफाई, कचरा हटाने एवं घाटों के रंग-रोगन का कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मोतीझील सहित शहर के सभी प्रमुख छठ घाटों की विशेष रूप से सफाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने पानी की गहराई का आकलन कर खतरनाक एवं गहरे स्थानों को चिह्नित करने तथा वहां मजबूत बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकना और किसी भी संभावित दुर्घटना से बचाव करना है। इसके साथ ही मोतीझील के किनारे स्थित पथों सहित नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मौजूद अतिक्रमण को छठ महापर्व के मद्देनजर पूरी तरह हटाने का निर्देश दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। घाटों एवं वहां तक पहुंचने वाले रास्तों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया। जिला प्रशासन एवं मोतिहारी नगर निगम द्वारा शहर के सभी छोटे-बड़े छठ घाटों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को महापर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिला स्तरीय युवा संसद में एलएनडी कॉलेज का जलवा, सौरभ प्रथम और अनुराग द्वितीय

राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए दोनों विद्यार्थियों का चयन, बिहार विधानसभा में करेंगे पूर्वी चंपारण जिले का प्रतिनिधित्व

बीएनएम @ मोतिहारी



मुंशी सिंह महाविद्यालय में 2 नवंबर को आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में एलएनडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, तार्किक क्षमता और शानदार वक्तृत्व कौशल का लोहा मनवाते हुए एक बार फिर महाविद्यालय का परचम लहराया। प्रतियोगिता में एलएनडी कॉलेज के छात्र सौरभ कुमार ने प्रथम तथा अनुराग कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। दोनों विद्यार्थियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के लिए किया गया है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न प्रखंडों, शिक्षण संस्थानों एवं महाविद्यालयों से आए 200 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं तथा समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति जागरूकता और समझ विकसित करना था। कड़े मुकाबले और गहन मूल्यांकन के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले से कुल तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिसमें एलएनडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने शीर्ष दो स्थानों पर कब्जा जमाकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। सौरभ कुमार ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य, तार्किक प्रस्तुति और विषय की गहरी समझ के बल पर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अनुराग कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि सौरभ और अनुराग दोनों राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सक्रिय स्वयंसेवक हैं। वे एनएसएस की विभिन्न सामाजिक, रचनात्मक एवं बौद्धिक गतिविधियों में निरंतर बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि से न केवल महाविद्यालय, बल्कि एनएसएस इकाई का गौरव भी बढ़ा है। अब दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थी पटना स्थित बिहार विधानसभा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में पूर्वी चंपारण जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सौरभ कुमार की उपलब्धियों का सिलसिला पहले भी उल्लेखनीय रहा है। वे इससे पूर्व दो बार राज्य स्तर पर पूर्वी चंपारण जिले का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं, पिछले वर्ष एलएनडी कॉलेज के ही छात्र हिमांशु कुमार ने जिला एवं राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त करने के बाद राष्ट्रीय स्तर की युवा संसद प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया था। इस प्रकार एलएनडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने लगातार अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए युवा संसद प्रतियोगिता में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। विद्यार्थियों की इस दोहरी सफलता पर महाविद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मृगेंद्र कुमार ने दोनों सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट वक्तृत्व कौशल और तार्किक विचारों से जिले में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। वहीं, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एनएसएस के समर्पित स्वयंसेवकों ने अपनी उपलब्धि से राष्ट्रीय सेवा योजना और महाविद्यालय का मान बढ़ाया है। उनका समर्पण एवं सक्रियता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर खेल प्रभारी डॉ. प्रभाकर कुमार, डॉ. दुर्वादल भट्टाचार्य, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. कुमार राकेश रंजन, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव कुमार, आशुतोष कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने दोनों प्रतिभागियों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता की शुभकामनाएं दीं।

मधुबन में 423 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तीन हजार का इनामी समेत दो गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मधुबन थाना पुलिस ने घेघवा गांव स्थित माई स्थान के पास छापेमारी कर 423.36 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब लदे सीएनजी टेंपो को जब्त करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में तीन हजार रुपये का इनामी ब्रजेश राय भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर घेघवा माई स्थान के पास छापेमारी की गई। इस दौरान टेंपो पर लदी भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। मौके से राजेपुर थाना क्षेत्र के फाजिलपुर निवासी चूल्हाई राय के पुत्र ब्रजेश राय और मधुबन थाना क्षेत्र के लाही निवासी रामनरेश सहनी के पुत्र कुंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार ब्रजेश राय का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ राजेपुर थाना में कांड संख्या 24/26, 110/19 और 172/22 तथा मधुबन थाना में कांड संख्या 195/26 दर्ज है। सभी मामले उत्पाद अधिनियम से संबंधित हैं। वहीं, कुंदन कुमार के खिलाफ मधुबन थाना में उत्पाद कांड संख्या 258/26 दर्ज है। पुलिस ने शराब और सीएनजी टेंपो जब्त कर दोनों आरोपितों के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सीकरीया शिक्षण संस्थान में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित, युवाओं ने पूछे सवाल

बीएनएम @ मोतिहारी



भाजपा नेता एवं उद्योगपति यमुना सीकरीया के सीकरीया शिक्षण संस्थान, मोतिहारी में भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत युवा संवाद एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं एवं सवाल रखे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ बिहार भाजपा के पूर्व प्रवक्ता अखिलेश कुमार सिंह, भाजपा नेता यमुना सीकरीया, पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार मिश्रा, संस्थान की प्रिंसिपल प्रीति दुबे एवं अनिल प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार भाजपा के पूर्व प्रवक्ता अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि देश का युवा लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जागरूक और प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा झूठ एवं भ्रामक प्रचार के माध्यम से युवाओं को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन देश की युवा शक्ति ऐसे प्रयासों से प्रभावित नहीं होने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से जनता का समर्थन हासिल नहीं कर पा रहे हैं, वे अराजकता फैलाकर सत्ता प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता के आशीर्वाद से चल रही सरकार को विदेशी ताकतों के सहयोग से अस्थिर करने की विपक्ष की कोशिश सफल नहीं होगी। वहीं, भाजपा नेता एवं उद्योगपति यमुना सीकरीया ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करना और उनके सवालों का जवाब देना था। प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान युवाओं ने विभिन्न मुद्दों पर सवाल पूछे, जिनका जवाब उपस्थित अतिथियों ने दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा, रोजगार और उनके सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने युवा संवाद कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को अपने विचार रखने और विभिन्न विषयों पर अतिथियों से सीधे संवाद करने का अवसर मिला।

संक्षिप्त समाचार

हरपुर राय में किराना दुकान से चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, 3700 रुपये समेत सामान बरामद

हेक्सा ब्लेड, पिलास, पान मसाला, सिगरेट और स्मार्टफोन भी जब्त, कोटवा थाना क्षेत्र का रहने वाला है आरोपित



बीएनएम @ हरसिद्धि। थाना क्षेत्र के हरपुर राय गांव में एक किराना दुकान से सामान और नकदी चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कोटवा थाना क्षेत्र के सोबैया गांव निवासी कैलाश ठाकुर के पुत्र मंटू कुमार (19) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, किराना दुकान में चोरी के आरोप में मंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से चोरी के 3700 रुपये नकद, हेक्सा ब्लेड और एक पिलास बरामद किया गया है। इसके अलावा डीबी सिग्नेचर कंपनी का दो पैकेट पान मसाला, प्रीमियम शॉट कंपनी का दो पैकेट लग्जरी च्यूइंग तंबाकू, डीबी एक्शन कंपनी का एक पैकेट प्रीमियम च्यूइंग तंबाकू और गोल्ड फ्लेक कंपनी की 12 पैकेट सिगरेट भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपित के पास से नेवी ब्लू रंग का शाओमी कंपनी का एक स्मार्टफोन भी जब्त किया है। गिरफ्तार युवक को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेजा जा रहा है।

लापता किशोरी की हत्या कर दूसरे थाना क्षेत्र में फेंका शव, पिता समेत परिजनों पर आरोप

पहाड़पुर की 17 वर्षीय लाडली खातून का शव जगदीशपुर थाना क्षेत्र से बरामद, हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की आशंका; दोनों थानों की पुलिस खंगाल रही मामले की कड़ियां

बीएनएम @ पहाड़पुर। पहाड़पुर थाना क्षेत्र से लापता 17 वर्षीय किशोरी लाडली खातून का शव जगदीशपुर थाना क्षेत्र में मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतका पहाड़पुर गांव के वार्ड संख्या पांच निवासी मोहर्रम मियां की पुत्री थी। मामले में मृतका के पिता और उनके परिजनों पर ही किशोरी की हत्या कर शव को दूसरे थाना क्षेत्र में फेंकने का गंभीर आरोप लगा है। घटना के बाद से इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लाडली खातून की हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को जगदीशपुर थाना क्षेत्र में फेंके जाने की जानकारी मिली थी। सूचना के बाद जगदीशपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही पहाड़पुर और जगदीशपुर थानों की पुलिस सक्रिय हो गई। दोनों थानों की पुलिस आपसी समन्वय से मामले की जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि किशोरी की मौत किन परिस्थितियों में हुई और शव को जगदीशपुर थाना क्षेत्र तक कैसे पहुंचाया गया। फिलहाल हत्या के कारणों और आरोपितों की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

निजी स्वास्थ्य संस्थानों के पंजीकरण को लेकर विशेष अभियान

बीएनएम @ वैशाली। जिले में निजी स्वास्थ्य संस्थानों और चिकित्साकर्मियों के डिजिटल पंजीकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत 4 नवंबर से 9 दिसंबर तक सभी प्रखंडों में शिविर लगाए जाएंगे। जिले में अब तक 1,345 के लक्ष्य के विरुद्ध 805 स्वास्थ्य संस्थानों का ही पंजीकरण हुआ है, जबकि 540 संस्थानों का पंजीकरण लंबित है। शिविरों में निजी अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब, डायग्नोस्टिक सेंटर, अल्ट्रासाउंड सेंटर और डेंटल क्लीनिक का पंजीकरण किया जाएगा। साथ ही इनमें कार्यरत चिकित्सकों और नर्सों को भी हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। वहीं, चिकित्सकों के पंजीकरण के लिए मिले 2,665 आवेदनों में से अब तक केवल 553 को मंजूरी मिली है। सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों और रेफरल अस्पतालों में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित होंगे। जिला प्रशासन ने संबंधित संस्थानों और चिकित्सकों से निर्धारित तिथि पर पंजीकरण कराने की अपील की है। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

सरैया गोपाल पंचायत में ज्ञान का नया केंद्र शुरू, जिला परिषद निधि से निर्मित पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन

बीएनएम @ मोतिहारी। जिले की सरैया गोपाल पंचायत में शिक्षा और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। जिला परिषद निधि से माध्यमिक विद्यालय परिसर में निर्मित पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। पुस्तकालय के शुरू होने से अब ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अध्ययन, सामान्य ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इसे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार और नई पीढ़ी को ज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद क्षेत्र संख्या-51 की जिला परिषद सदस्य आभा देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता श्यामसुंदर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षक, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के महत्व, अध्ययन संबंधी सुविधाओं के विस्तार और पंचायत स्तर पर पुस्तकालयों की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। समारोह को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता श्यामसुंदर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। गांवों के बच्चे भी शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, खेल, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने की क्षमता रखते हैं। जरूरत सिर्फ उन्हें उचित मार्गदर्शन, बेहतर शैक्षणिक संसाधन और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में एक व्यवस्थित पुस्तकालय होना चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी अध्ययन के लिए बेहतर संसाधन मिल सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी हैं, जिनमें पढ़ने की ललक और कुछ कर गुजरने का जुनून है, लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के कारण वे महंगी किताबें नहीं खरीद पाते। ऐसे में पंचायत स्तर पर पुस्तकालय की सुविधा उनके लिए काफी मददगार साबित हो सकती है। गुड्डू सिंह ने आगे कहा कि पुस्तकालय महज किताबें रखने का स्थान नहीं होता, बल्कि यह समाज की सोच, संस्कार और भविष्य को नई दिशा देने वाला ज्ञान का केंद्र होता है। जिस गांव में पढ़ने और सीखने की संस्कृति विकसित होती है, वहां नई पीढ़ी में जागरूकता, अनुशासन और सकारात्मक सोच का भी विकास होता है। उन्होंने इस पहल को ग्रामीण विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि पुस्तकालय जैसी सुविधाओं के विस्तार से गांवों के बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने और जीवन में आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा।

सुगौली में 1.970 किलो चरस के साथ तीन गिरफ्तार, नेपाल से जुड़े तार

» एसटीएफ नारकोटिक्स सेल पटना की सूचना पर बंगरा ओवरब्रिज के नीचे हुई कार्रवाई, दो नेपाली सिम समेत तीन मोबाइल बरामद

बीएनएम @ सुगौली



एसटीएफ नारकोटिक्स सेल, पटना से मिली सूचना के आधार पर सुगौली पुलिस ने सोमवार की रात बंगरा ओवरब्रिज के नीचे छापेमारी कर 1.970 किलोग्राम चरस जैसे मादक पदार्थ के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में पूर्वी चंपारण के दो और पश्चिम चंपारण का एक व्यक्ति शामिल है। पुलिस ने इनके पास से मादक पदार्थ के चार पैकेट, दो मोबाइल और तीन नेपाली सिम भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, दो नवंबर की रात करीब 8:40 बजे एसटीएफ नारकोटिक्स सेल से सूचना मिली थी कि रक्सौल की ओर से एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर सुगौली ओवरब्रिज के रास्ते रेलवे स्टेशन जाने वाला है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए एसडीपीओ सदर-1 दिलीप कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में सुगौली अंचल के पुलिस निरीक्षक मुन्ना कुमार, थानाध्यक्ष अनिश कुमार सिंह और पुलिस अवर निरीक्षक कृष्ण मुरारी समेत जिला आसूचना इकाई के अधिकारी शामिल थे। गठित टीम ने बंगरा ओवरब्रिज के नीचे वाहन जांच और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी शुरू की। इसी दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली गई तो हाथ में मौजूद झोले से चार पैकेट में रखा चरस जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ। इसका कुल वजन 1.970 किलोग्राम बताया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरपुर थाना क्षेत्र के नायक टोला निवासी 35 वर्षीय गुड्डू साह के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, उसकी निशानदेही पर दो अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। इनमें पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी 55 वर्षीय रामबालक बैठा, जो वर्तमान में नेपाल के बीरगंज स्थित गंडक चौक पर रह रहा था, तथा पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन थाना क्षेत्र के महुआहीं निवासी 55 वर्षीय धोढा राय शामिल हैं। पुलिस तीनों आरोपितों से पूछताछ कर मादक पदार्थ के स्रोत और तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। नेपाल के सिम की बरामदगी को भी जांच के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भाजपा ने अमरेंद्र ठाकुर को बनाया गोविंदगंज विधानसभा प्रभारी



बीएनएम @ पहाड़पुर

भाजपा पहाड़पुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र ठाकुर को गोविंदगंज विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा भाजपा के पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि अमरेंद्र ठाकुर की संगठनात्मक क्षमता, पार्टी के प्रति निष्ठा, स्थानीय राजनीतिक समझ और समर्पित कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमरेंद्र ठाकुर के अनुभव और नेतृत्व से गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। वे संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और पार्टी की रणनीति को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में अहम भूमिका निभाएंगे। अमरेंद्र ठाकुर को विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में ईश्वर चंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह, गौरी शंकर प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव शुक्ला, आनंदी प्रसाद, पूर्व प्रमुख प्रेम कुमार गुप्ता, अवधेश कुमार, शिव कुमार मांझी, अवधेश यादव, विद्याभूषण सिंह, कमलेश ठाकुर और मदन मिश्र सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

216 लीटर नेपाली कस्तूरी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बीएनएम @ छौड़ादानों



स्थानीय थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नेपाल के रास्ते लाई जा रही 216 लीटर नेपाली कस्तूरी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से छह जूट के बोरों में रखी 720 पीस नेपाली कस्तूरी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कोदरकट गांव निवासी सहदेव पासवान, पिता बासुदेव पासवान तथा सुरेंद्र राम, पिता जयमंगल राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल के रास्ते शराब की खेप लेकर कुछ तस्कर छौड़ादानों थाना क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को शराब की खेप के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से छह जूट के बोरों में रखी 720 पीस नेपाली कस्तूरी शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 216 लीटर बताई गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित सहदेव पासवान का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ छौड़ादानों थाने में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत वर्ष 2023, 2024 और 2025 में शराब तस्करी से संबंधित चार मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, वर्ष 2025 में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी एक मामला दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने गिरफ्तारी और बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

शराब तस्करों पर पुलिस का शिकंजा: 5 हजार का इनामी बाली महतो गिरफ्तार

बीएनएम @ बनकटवा



बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू कराने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पूर्वी चंपारण जिले की बनकटवा प्रखंड स्थित जितना थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी शराब कारोबारी बाली महतो को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितना थाना क्षेत्र के बिजबनी गांव निवासी बाली महतो के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय भुट्टा महतो का पुत्र बताया जाता है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बाली महतो जितना थाना कांड संख्या 226/26, दिनांक 21 सितंबर 2026 में वांछित था। उसके खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) और 41(1) के तहत मामला दर्ज किया गया था। लंबे समय से फरार रहने के कारण पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2025 में जितना थाना क्षेत्र में शराब से जुड़े दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। वहीं, वर्ष 2026 में भी उसके खिलाफ एक अन्य मामला दर्ज है। पुलिस इन सभी मामलों को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।गिरफ्तारी के लिए चलाए गए विशेष अभियान का नेतृत्व जितना थानाध्यक्ष एवं पुलिस अवर निरीक्षक सुधीर कुमार ने किया। अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक शिवजी पासवान, सिपाही रजनीकांत मंडल और चालक कुमार भी शामिल थे। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी है। इस कार्रवाई को शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

लंबित भुगतान से बेहाल पैक्स अध्यक्षों ने खोला मोर्चा, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

बीएनएम @ छौड़ादानो



प्रखंड क्षेत्र में धान अधिप्राप्ति से जुड़ी समस्याओं और लंबित भुगतानों को लेकर मंगलवार को पैक्स अध्यक्षों एवं सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में जोरदार आवाज बुलंद की। इस दौरान पैक्स प्रतिनिधियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुनील कुमार मिश्रा को 10 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए धान अधिप्राप्ति व्यवस्था में व्याप्त तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक खामियों को दूर करने की मांग की। पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि सरकार की ओर से धान खरीद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने के बावजूद समय पर भुगतान नहीं होने से पैक्स की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। इसका सीधा असर पैक्स के संचालन के साथ-साथ किसानों को भुगतान करने और आगामी धान अधिप्राप्ति व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। पैक्स सदस्यों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में किसानों से धान की खरीद कर मिलों को उपलब्ध करा दिया गया। इसके बाद तैयार चावल की आपूर्ति भी की गई, लेकिन चावल के समतुल्य राशि का भुगतान अब तक निर्धारित समय पर नहीं हुआ है। इससे पैक्स की कार्यशील पूंजी लंबे समय से फंसी हुई है। वहीं, धान अधिप्राप्ति के लिए वित्तीय संस्थानों से लिए गए ऋण पर लगने वाले ब्याज और अतिरिक्त सूद का भुगतान नहीं होने से आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने मिल स्तर पर होने वाली देरी को भी अधिप्राप्ति व्यवस्था की बड़ी समस्या बताया। पैक्स से मिलों तक धान पहुंचाने, चावल की कुटाई, तैयार चावल की आपूर्ति, सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) जमा करने तथा उसके सत्यापन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब किया जाता है। इसके अलावा ऑनलाइन पोर्टल पर प्रविष्टि, ई-पॉस आधारित विवरण, अभिलेखों के मिलान और भुगतान से संबंधित तकनीकी समस्याओं के कारण भी पैक्स को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पैक्स सदस्यों ने कहा कि धान अधिप्राप्ति का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और बिचौलियों से मुक्ति दिलाना है। लेकिन पैक्स को समय पर राशि नहीं मिलने के कारण किसानों का भुगतान भी प्रभावित हो रहा है। आर्थिक जरूरतों के चलते कई किसान सरकारी खरीद प्रक्रिया का इंतजार करने के बजाय खुले बाजार में कम कीमत पर धान बेचने को मजबूर हो जाते हैं। इससे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर आधारित सरकारी खरीद व्यवस्था का उद्देश्य भी प्रभावित हो रहा है। पैक्स प्रतिनिधियों ने मांग की कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के चावल अधिप्राप्ति से संबंधित सभी लंबित भुगतानों का अविलंब निष्पादन किया जाए। साथ ही ऋण पर बकाया ब्याज एवं अतिरिक्त सूद की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मिलों से चावल की प्राप्ति और सीएमआर जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा ऑनलाइन पोर्टल सहित अन्य तकनीकी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए। इसके अलावा अधिप्राप्ति से जुड़े भुगतान के लिए निश्चित समय-सीमा निर्धारित करने और पैक्स की कार्यशील पूंजी को अनावश्यक रूप से बाधित होने से बचाने की भी मांग की गई। पैक्स सदस्यों ने कहा कि पैक्स ग्रामीण अर्थव्यवस्था में किसानों और सरकारी खरीद व्यवस्था के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे में पैक्स की वित्तीय समस्याओं की अनदेखी करना सीधे तौर पर किसानों के हितों को प्रभावित करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी 10 सूत्री मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो पैक्स सदस्य चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर पैक्स अध्यक्ष मुकेश कुमार, आशुतोष कुमार, जितेंद्र प्रसाद यादव, रणविजय कुमार, भोला प्रसाद, लाल बाबू साह, कवल देव प्रसाद, शंभु प्रसाद, अशोक कुमार, जितेश कुमार और रामाज्ञा राय सहित बड़ी संख्या में पैक्स सदस्य उपस्थित थे।

दहेज प्रताड़ना मामले में पुलिस की कार्रवाई, एक आरोपित गिरफ्तार

बीएनएम @ छौड़ादानों



छौड़ादानों थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सेमरहिया गांव निवासी आशुतोष कुमार, पिता नंदलाल साह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को छौड़ादानों थाना कांड संख्या 227/26 के तहत दर्ज दहेज प्रताड़ना के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि दहेज प्रताड़ना के मामले में आशुतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध छौड़ादानों थाना में कांड संख्या 84/26 भी दहेज प्रताड़ना से संबंधित दर्ज है। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

चम्पारण सत्याग्रह के पुरोधा बाबू लोमराज सिंह की 98वीं पुण्यतिथि की गई श्रद्धांजलि अर्पित

बीएनएम @ कोटवा



प्रखंड के गांधी ग्राम जसौली पट्टी में किसान नेता, महात्मा गांधी के सहयोगी एवं चम्पारण सत्याग्रह के पुरोधा स्वतंत्रता सेनानी बाबू लोमराज सिंह की 98वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बाबू लोमराज सिंह का जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्रसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है। चम्पारण सत्याग्रह में उनका योगदान स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों, आदर्शों और देशभक्ति की भावना से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीव पाण्डेय ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष हमें देश, समाज और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। वहीं, प्रखंड प्रमुख विभा देवी ने बाबू लोमराज सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर दी गुरुकुलम स्कूल की ओर से शुभेंदु कुमार ने अतिथियों के सम्मान में फलदार पौधों का वितरण किया। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण का संदेश दिया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व मुखिया कमलेश कुमार सिंह, रामश्रेष्ठ बैठा, पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, शिवकान्त झा, सुनील सिंह, रविन्द्र सिंह, गुड्डू सिंह, राजीव रंजन, ओमप्रकाश सिंह, आलोक कुमार, दिलेश कुमार, रामविनय सिंह, मोहन साह, मनीष कुमार सिंह एवं सतेन्द्र नारायण सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे। सभी ने बाबू लोमराज सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके संघर्ष एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया।

अचानक आई आपदा नहीं

एनडीएमए के भीड़ प्रबंधन संबंधी दिशा-निर्देशों को धार्मिक आयोजनों के कर्ता-धर्ताओं ने शायद पढने की जरूरत भी नहीं समझी है। नतीजतन, हंसी-खुशी के मौकों पर ग़म की कहानियों का लिखा जाना जारी है! कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पंडाल में मची भगदड़ के अगले ही दिन मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास दर्दनाक दुर्घटना हुई। कोलकाता में 19 और ग्वालियर में 15 श्रद्धालुओं की जान गई। हालांकि दो अलग जगहें हैं, दो घटनाएं हैं, और हादसों के शिकार पात्र अलग हैं, लेकिन दोनों दुर्घटनाओं में कई समान बातें हैं। बेशक, एक सड़क हादसा है, दूसरा भीड़ प्रबंधन की विफलता- लेकिन दोनों की जड़ में एक ही सच्चाई छिपी है कि धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा को लग्जरी मानने का नजरिया कायम है। ऐसा इसलिए है कि हर साल धार्मिक स्थलों पर ऐसे अनगिनत हादसे होने के बावजूद ना कोई सीख ली जाती है, और ना ही कोई प्रभावी जवाबदेही तय होती है। ग्वालियर में ट्रक उस सड़क पर पहुंच गया जहां नो एंट्री थी और दोपहिया वाहनों तक को रोका जा रहा था। ऐसे में बैरिकेड तोड़ कर ढलान से नीचे उतरते हुए ट्रक ने कैसे श्रद्धालुओं को कुचला, यह रहस्यमय है। पुलिस को मालूम था कि नवरात्रि में भारी भीड़ होगी, फिर भी वह पुख्ता इंतजाम करने में नाकाम रही। राहत कार्य का आलाम यह था कि पीड़ित परिवारों को खुद क्रेन किराए पर लेनी पड़ी, ताकि शव बाहर निकाले जा सकें। उधर कोलकाता के चोरबागान पंडाल में एक ही निकास था, गलियां संकरी थीं, अंदर अंधेरा था, और बारिश की स्थिति में लोगों को नियमित रूप से निकालने की व्यवस्था नहीं थी। आयोजकों की सुरक्षा संबंधी घोषणा और सुरक्षा गार्डों की सीटियों ने भगदड़ को और भड़का दिया।

गौरतलब है कि यह कोई अचानक आई आपदा नहीं थी- बीते दिनों ही बैरिकेड कई बार टूट चुके थे, फिर भी अतिरिक्त तैयारियों की जरूरत नहीं समझी गई। हादसों के बाद की कहानी भी घिसीपिटी हैः कुछ पुलिसकर्मियों का निलंबन, आयोजकों की गिरफ्तारी, मुआवजे की घोषणा और जांच आयोग का गठन। जबकि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 2014 में ही भीड़ प्रबंधन के दिशा-निर्देश तैयार किए थे। धार्मिक आयोजनों के कर्ता-धर्ताओं ने शायद उसे पढने की जरूरत भी नहीं समझी है। नतीजतन, हंसी-खुशी के मौकों पर ग़म और दर्द की कहानियों का लिखा जाना जारी है!

भारत का उभरता सुपरकंप्यूटिंग परितंत्र

विनोद सिंह

भारत की सुपरकंप्यूटिंग यात्रा 1990 के दशक की शुरुआत में परम 8000 से विकसित होकर 2015 में शुरू किए गए राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत एक राष्ट्रीय परितंत्र में बदल गई है। सितंबर 2026 तक 40 सुपर कंप्यूटरों द्वारा 68 पीएफ (पेटाफ्लॉप्स) यानी काफी तेज गणना देने के साथ, एनएसएम उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) तक अपना विस्तार कर रहा है। मिशन ने कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी, मौसम भविष्यवाणी एवं जलवायु मॉडलिंग, आपदा प्रबंधन, बिग डेटा एनालिटिक्स और खगोल भौतिकी में कम्प्यूटर अनुप्रयोगों को संभव बनाते हुए स्वदेशी सर्वर, सॉफ्टवेयर, कूलिंग और नेटवर्किंग प्रौद्योगिकियां भी विकसित की हैं।

देश की सुपरकंप्यूटिंग क्षमताओं का निर्माण, फसल पैदावार की भविष्यवाणी करने औरबीमारी के प्रकोप पर नजऱ रखनेसे लेकर दवा की खोज में तेजी लाने और नदी की बाढ़ के कारण प्रभावित क्षेत्रों की भविष्यवाणी करने तक, उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग सामाजिक अनुप्रयोगों का समर्थन करती है जो रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करते हैं। वे बड़े पैमाने पर डेटासेट को संसाधित करने में मदद करते हैं और जलवायु, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य देखभाल और इंजीनियरिंग में जटिल सिमुलेशन का समर्थन करते हैं। वे तेजी से विश्लेषण भी संभव करते हैं और शोधकर्ताओं को जटिल वैज्ञानिक चुनौतियों का तेजी से समाधान करने में मदद करते हैं। वैज्ञानिक खोज और तकनीकी नवाचार में तेजी लाने के लिए यह आवश्यक होता जा रहा है। सुपर कंप्यूटर उच्च प्रदर्शन वाले कंप्यूटिंग सिस्टम हैं जिन्हें असाधारण गति पर जटिल गणनाओं को संभव बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वे एक साथ कई गणनाएं करने के लिए बड़ी संख्या में प्रोसेसर को जोड़ते हैं। यह शोधकर्ताओं को बड़े पैमाने पर डेटासेट का विश्लेषण करने और परिष्कृत सिमुलेशन को कुशलतापूर्वक चलाने में सक्षम बनाता है। इसलिए सुपर कंप्यूटर उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान और रणनीतिक अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा प्रदान करते हैं। देश का बढ़ता डिजिटल परितंत्र उन्नत कंप्यूटिंग बुनियादी ढांचे की मांग को बढ़ा रहा है। भारत दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत डेटा उत्पन्न करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मौसम पूर्वानुमान और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण कंप्यूटिंग क्षमताओं की जरूरत होती है। इसलिए सरकार अनुसंधान संस्थानों में सुपरकंप्यूटिंग तक पहुंच का विस्तार कर रही है। यह प्रयास स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करता है और भारत के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

रचनात्मक दिमाग, विज्ञान को उत्प्रेरत करना और प्रौद्योगिकी को सशक्त बनानाः भारत के उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन का दूसरा संस्करण एस्टिक (ईएसटीआईसी)-2026 27 से 29 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में "रचनात्मक दिमाग, विज्ञान को उत्प्रेरत करना और प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाना" विषय के तहत आयोजित किया जाएगा। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की ओर से आयोजित ईएसटीआईसी-2026 उभरते विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मोर्चे को आगे बढ़ाएगा। इनमें सुपरकंप्यूटिंग और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। यह सम्मेलन रणनीतिक सहयोग को उत्प्रेरित करेगा और देश के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का समर्थन करेगा। 12 विषयगत क्षेत्रों में फैले इस कार्यक्रम में पूर्ण सत्र, तकनीकी चर्चा और प्रदर्शनियां होंगी। देश की कंप्यूटिंग क्षमताओं को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने अप्रैल 2015 में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) शुरू किया। इस मिशन को लगभग 4,500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्च किया गया था। इस मिशन को संयुक्त रूप से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) संचालित करता है। इस मिशन का उद्देश्य सुपरकंप्यूटिंग में आत्मनिर्भरता बढ़ाना और देश की उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग क्षमताओं को मजबूत करना है। इस मिशन में वैज्ञानिक और तकनीकी डोमेन में अनुसंधान, विकास और समस्या-समाधान के लिए सुपरकंप्यूटिंग के उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है। यह सामाजिक अनुप्रयोगों के लिए समाधान के विकास का भी समर्थन करता है। यह मिशन देश में विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी सुपरकंप्यूटिंग परितंत्र स्थापित करना चाहता है। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक), पुणे और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु इस मिशन को आगे बढ़ाते हैं। एनएसएम एक 'बिल्ड दृष्टिकोण' का अनुसरण करता है जिसमें स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग बुनियादी ढांचे को बनाने के लिए तीन समवर्ती चरण शामिल हैंः असेंबली, विनिर्माण और डिजाइन एवं विनिर्माण समर्थन। यह दृष्टिकोण स्वदेशी क्षमताओं के विकास के साथ कंप्यूटिंग बुनियादी ढांचे के विस्तार को जोड़ता है। नियमित कंप्यूटरों के विपरीत, सुपर कंप्यूटर को बहुत उच्च गति पर बड़ी मात्रा में डेटा को संसाधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें कई प्रोसेसर या कंप्यूटिंग नोड्स का उपयोग किया जाता है जो एक साथ काम करते हैं। यह उन्हें पारंपरिक कंप्यूटरों की तुलना में जटिल समस्याओं को बहुत तेजी से हल करने में मदद करता है। इन नोड्स के बीच उच्च गति कनेक्शन उन्हें बड़े पैमाने पर गणना के दौरान कुशलता से डेटा का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं। सुपर कंप्यूटर को कभी-कभी समानांतर कंप्यूटर कहा जाता है क्योंकि सुपरकंप्यूटिंग समानांतर प्रसंस्करण का उपयोग कर सकता है। समानांतर प्रसंस्करण तब होता है जब कई सीपीयू एक निश्चित समय में एक ही गणना को हल करने पर काम करते हैं।

एक सुपर कंप्यूटर की शक्ति को फ्लॉप्स (फ्लोटिंग पॉइंट ऑपरेशंस प्रति सेकंड – एफएलओपीएस) में मापा जाता है। यह हमें बताता है कि यह एक सेकंड में कितनी गणना कर सकता है। एक टेराफ्लॉप्स (टीएफ) का अर्थ है प्रति सेकंड एक ट्रिलियन गणना, जबकि एक पेटाफ्लॉप्स (पीएफ) का अर्थ है प्रति सेकंड एक क्वाड्रिलियन गणना।

* दुनिया का सबसे तेज सुपर कंप्यूटर 2026 में लगभग 2.19 एक्साफ्लॉप गणना की क्षमता हासिल करता है। यह प्रति सेकंड लगभग 2.19 क्विंटिलियन गणना कर सकता है। एनएसएम के तहत, भारत ने सुपरकंप्यूटिंग में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर केंद्रित एक परितंत्र स्थापित किया है।

इसमें सुपर कंप्यूटर डिजाइन, विकास, विनिर्माण, सिस्टम सॉफ्टवेयर और विशेष अनुप्रयोग शामिल हैं। यह बढ़ती स्वदेशी क्षमता आयातित प्रौद्योगिकियों पर निर्भरता को कम कर सकती है। यह देश के घरेलू उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग परितंत्र को भी मजबूत करता है। एनएसएम ने पूरे देश में विभिन्न शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थानों में 123 पीएफ से अधिक की संचयी क्षमता वाले कुल 50 सुपर कंप्यूटर स्थापित करने की योजना बनाई है। ये प्रणालियां अपनी प्रसंस्करण क्षमताओं के आधार पर विविध कम्प्यूटेशनल जरूरतों को पूरा करती हैं। सी-डैक से विकसित और 1991 में अनावरण किए गए परम 8000 ने 1 गीगाफ्लॉप की गति के साथ स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग में देश के प्रवेश को चिह्नित किया। इसने कम्प्यूटर की परम श्रृंखला की नींव रखी, जो कम्प्यूटेशनल रूप से गहन अनुप्रयोगों का समर्थन करते हुए 54 टेराफ्लॉप्स पर परम युवा जैसी तेजी से शक्तिशाली प्रणालियों के माध्यम से विकसित हुई। इसने मौसम पूर्वानुमान, जो वायुमंडलीय स्थितियों की भविष्यवाणी करता है, और कम्प्यूटेशनल द्रव गतिशीलता, जो द्रव प्रवाह आदि का अध्ययन करता है, जैसे अनुप्रयोगों का समर्थन किया है। इस श्रृंखला ने बाद में घरेलू अनुसंधान और अंतर्राष्ट्रीय तैनाती दोनों के लिए देश की सुपरकंप्यूटिंग क्षमताओं का विस्तार किया। सितंबर 2026 तक, भारत ने 68 पीएफ की संयुक्त क्षमता वाले 40 सुपर कंप्यूटर तैनात किए थे। इसमें 1 पीएफ से अधिक की 13 हाई-एंड प्रणालियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 12 मिड-रेंज सिस्टम की क्षमता 500 टीएफ और 1 पीएफ के बीच है। अन्य 15 प्रणालियों की क्षमता 500 टीएफ से कम है। इन मशीनों को स्थानीय स्तर पर बनाया गया है और देश भर में चालू किया गया है। मिशन बुनियादी ढांचे, अनुप्रयोगों, अनुसंधान और विकास एवं मानव संसाधन विकास को आगे बढ़ाना जारी रखता है। एनएसएम राष्ट्रीय विकास के क्षेत्रों में उन्नत कंप्यूटिंग को लागू करके 11 संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में योगदान देता है। इसके अनुप्रयोग एचपीसी प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा और कौशल विकास को मजबूत करते हुए बाढ़ की भविष्यवाणी, वन-अग्नि प्रबंधन और जलवायु मॉडलिंग के माध्यम से जलवायु कार्रवाई का समर्थन करते हैं। यह मिशन शिक्षा, उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के बीच नवाचार, स्वदेशी प्रौद्योगिकी, आर्थिक विकास और सहयोग को भी बढ़ावा देता है। एनएसएम के तहत तैनात सुपर कंप्यूटर बड़े पैमाने पर सिमुलेशन और तेज डेटा प्रोसेसिंग का समर्थन करते हैं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय अनुप्रयोगों को सक्षम किया जा सकता है। जीनोमिक्स और ड्रग डिस्कवरी प्लेटफॉर्मः यह दवाओं को खोजने और परीक्षण करने में मदद करने के लिए अणुओं के बड़े सेट का अध्ययन करता है। इसका उपयोग कोविड-19 के दौरान मौजूदा दवाओं की जांच करने और हृदय जोखिम जैसे दुष्प्रभावों की भविष्यवाणी करने के लिए किया गया था।

महतारी वंदन से बेटी पढ़ाओ को मिल रहा संबल

धनंजय राठौर

-छत्तीसगढ़ सरकार की आर्थिक सहायता से घरेलू खर्च के साथ बेटियों की पढ़ाई और भविष्य के लिए बचत कर रही महिलाएं

-सुकन्या समृद्धि खातों में जमा कर रहीं राशि

प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना की शुरुआत आधिकारिक रूप से 1 मार्च 2024 को हुई थी और इसका औपचारिक शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 मार्च 2024 को किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा है कि मोदी की गारंटी का मतलब होता है, गारंटी पूरी होने की गारंटी। यह योजना के तहत राज्य की सभी पात्र विवाहित महिलाओं को लाभ प्रदान की जा रही है इसके अलावा विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाएं भी इस योजना का लाभ ले रही हैं। छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना की आर्थिक सहायता महिलाओं के लिए घरेलू जरूरतें पूरी करने के साथ बेटियों के भविष्य को संवारने का जरिया बन रही है। योजना से मिलने वाली राशि का एक हिस्सा वे सुकन्या समृद्धि खातों में जमा कर रही हैं, ताकि आगे चलकर बेटियों की उच्च शिक्षा और अन्य जरूरतों के लिए आर्थिक संबल मिल सके। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओÓ के संकल्प को जमीनी स्तर पर मजबूती दे रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान और उनका आर्थिक सशक्तिकरण हमारी सरकार के लिए केवल एक योजना या कार्यक्रम नहीं, बल्कि सुशासन की प्रमुख प्राथमिकता है। हमारा विश्वास है कि जब परिवार की महिला आर्थिक रूप से सशक्त होती है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। बच्चों की शिक्षा और पोषण से लेकर परिवार के स्वास्थ्य और भविष्य से जुड़े निर्णयों तक उसकी भागीदारी और मजबूत होती है। इसलिए महतारी वंदन योजना के माध्यम से सरकार माताओं-बहनों के हाथों में आर्थिक सामर्थ्य देकर उन्हें अपने निर्णय स्वयं लेने का आत्मविश्वास दे रही है। दंतेवाड़ा जिले के बोडरी गांव की प्रमिला पोतामी के लिए बेटी की पढ़ाई के लिए बचत करना पहले आसान नहीं था। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली नियमित मासिक सहायता ने उनके लिए बचत की राह खोली है। प्रमिला कहती हैं, "हमारी आमदनी इतनी नहीं है कि कुछ बचाकर रख सकें। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि बड़ी मददगार है। इस राशि का कुछ हिस्सा मैं सुकन्या समृद्धि खाते में जमा करती हूं जो आगे चलकर बेटी की पढ़ाई में काम आएंगे। "दक्षिण बस्तर का दंतेवाड़ा लंबे समय तक नक्सल हिंसा से प्रभावित रहा है। ऐसे क्षेत्र में बेटी की शिक्षा के लिए बचत का यह प्रयास बदलती आकांक्षाओं और बेहतर भविष्य को नई उम्मीद दे रहा है। प्रमिला की तरह कुछ अन्य महिलाएं भी मासिक सहायता का हिस्सा बेटियों के नाम बचत करने में लगा रही हैं। इस योजना से महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है, इससे महिलाएं अपनी आय के स्रोत विकसित कर कर अपने परिवार का आर्थिक रूप से सहयोग कर रही हैं। इस योजना से महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिल रही है, इससे महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक होने और उन्हें प्राप्त करने में मदद मिल रही है। रायपुर जिले के रावेली गांव की मीना निषाद ने भी अपनी बेटी महिमा के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया है। वह कहती हैं, "महतारी वंदन योजना से हर महीने एक हजार रुपये मिलते हैं। मैं यह राशि अपनी बेटी के सुकन्या समृद्धि खाते में जमा करती हूं। मैं चाहती हूं कि आगे चलकर यह बचत उसकी पढ़ाई और भविष्य की जरूरतों में काम आए।"सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड के परीं गांव की अंजू कुशवाहा भी इसी तरह बचत कर रही हैं। वह मासिक सहायता की कुछ राशि बेटी के सुकन्या खाते में जमा करती हैं और शेष रकम घरेलू खर्चों पर लगाती हैं। उनके मुताबिक, नियमित आर्थिक मदद से भविष्य के लिए थोड़ी-बहुत बचत कर पाने का भरोसा बढ़ा है। वहीं, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के बघमरा गांव की दीपाली मरकाम इस राशि का इस्तेमाल बच्चों की स्कूली जरूरतों और बेटी के भविष्य के लिए बचत करने में कर रही हैं। उनका कहना है कि हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा हासिल करें और जीवन में आगे बढ़ें, लेकिन सीमित घरेलू संसाधनों के बीच भविष्य के लिए पैसे बचाना आसान नहीं होता। मासिक सहायता से उन्हें बच्चों की पढ़ाई में योगदान देने और बेटी के लिए बचत करने में मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की नारी, शान हैं हमारी..: सुशासन की सरकार महतारी वंदन योजना के माध्यम से हर माह 1,000 यानी सालाना 12,000 की आर्थिक सहायता देकर प्रदेश की माता-बहनों के सम्मान, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को नई मजबूती प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 8 अक्टूबर 2026 को योजना की 32 वीं किस्त के रूप में 67 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में डी बी टी के माध्यम से 632.40 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की गई है। अब तक 20,708 करोड़ से अधिक की राशि महतारी वंदन योजना के माध्यम से माता-बहनों को प्रदान की जा चुकी है। महतारी वंदन योजना से रायपुर जिले के 5 लाख 13 हजार 534 हितग्राही, बिलासपुर जिले के 4 लाख 11 हजार 310 हितग्राही, दुर्ग के 3 लाख 89 हजार 507 हितग्राही, बलौदाबाजार-भाटापारा के 3 लाख 19 हजार 815 हितग्राही और महासमुंद जिले के 3 लाख 12 हजार 162 हितग्राहियों के खातों में डी बी टी के माध्यम से सुशासन की सरकार राशि अंतरित कर माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से सक्षम बना रही है। वर्ष 2015 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओÓ अभियान के तहत शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना बालिकाओं के भविष्य के लिए बचत का अवसर देती है। महिलाओं के अनुभव बताते हैं कि नियमित आर्थिक सहायता से बेटियों की शिक्षा और भविष्य के लिए योजनाबद्ध बचत की शुरुआत करना संभव हो रहा है।

लेखक संयुक्त संचालक, जनसंपर्क रायपुर हैं

स्तरहीनता एवं विरोध की भाषा में उलझती कांग्रेस

ललित गर्ग

लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष एक-दूसरे के विरोधी अवश्य होते हैं, लेकिन उनकी भाषा शत्रुता की नहीं, वैचारिक प्रतिस्पर्धा की होनी चाहिए। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र की शक्ति हैं, पर जब ये मतभेद व्यक्तिगत कटाक्ष, पारिवारिक टिप्पणियों और अपमानजनक शब्दों में बदलने लगते हैं, तब राजनीति का स्तर गिरता है और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा प्रभावित होती है। भारतीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कांग्रेस के अनेक नेताओं की आक्रामक टिप्पणियों और अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पटना में दिए गए विवादास्पद बयान ने एक बार फिर भाषाई मर्यादा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। 25 अक्टूबर 2026 को पटना में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में खड़गे की एक टिप्पणी राजनीतिक विवाद का कारण बन गई। कार्यक्रम में उपस्थित एक व्यक्ति की टिप्पणी के जवाब में उन्होंने कहा, "मोदी का बाप भी जाएगा।" इस बयान की भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने तीखी आलोचना की। दूसरी ओर, कांग्रेस ने इस टिप्पणी को वैचारिक संदर्भ में समझाने का प्रयास किया। समाचारों के अनुसार संबंधित व्यक्ति ने भी बाद में कहा कि उसकी पूरी बात नहीं सुनी गई थी। इस घटनाक्रम के विभिन्न पक्ष अपनी-अपनी व्याख्या प्रस्तुत कर रहे हैं, लेकिन विवाद से अलग एक बुनियादी प्रश्न अपनी जगह कायम है-क्या देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद पर आसीन व्यक्ति के प्रति विरोध जताने का यही तरीका होना चाहिए?

खड़गे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और लंबे राजनीतिक अनुभव के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। ऐसे व्यक्ति से सार्वजनिक मंच पर अधिक संयम और विवेक की अपेक्षा स्वाभाविक है। राजनीतिक सभा में कोई प्रतिकूल टिप्पणी हो जाए, तो उसका उत्तर तर्क, तथ्य और आत्मविश्वास से दिया जा सकता है। लेकिन जब जवाब व्यक्तिगत संबंधों और परिवार तक पहुंच जाए, तब मुद्दे की गंभीरता पीछे छूट जाती है और शब्दों का विवाद मुख्य समाचार बन जाता है। राजनीति में शब्द केवल वक्ता की तत्काल प्रतिक्रिया नहीं होते, वे उसकी सार्वजनिक जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक संस्कारों की भी परीक्षा लेते हैं। कांग्रेस की राजनीति में नरेंद्र मोदी को लेकर तीखे और विवादास्पद वक्तव्यों का इतिहास भी इस बहस को व्यापक संदर्भ देता है। वर्ष 2007 में सोनिया गांधी ने गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी के लिए 'मौत का सौदागर' शब्द का प्रयोग किया था। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मणिशंकर अय्यर की 'चायवाला' संबंधी टिप्पणी ने भी बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा किया। बाद के वर्षों में राहुल गांधी के 'चौकीदार चोर है' नारे ने राजनीतिक बहस को व्यक्तिगत आरोपों की दिशा में मोड़ा। इन बयानों के पीछे अपने-अपने राजनीतिक संदर्भ और वक्ताओं की दलीलें रही हैं, लेकिन इनका सार्वजनिक प्रभाव इस प्रश्न को सामने लाता है कि क्या किसी नेता की आलोचना उसके कामकाज तक सीमित रखी जा सकती है, अथवा उसे व्यक्तिगत उपहास का विषय बनाना आवश्यक समझा जाने लगा है?

प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी मोदी और उनकी सरकार के विरुद्ध कई अवसरों पर तीखे राजनीतिक हमले किए हैं। यह ध्यान रखना जरूरी है कि तीखी आलोचना अपने आप में अमर्यादित नहीं होती। सरकार की नीतियों, बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक सद्भाव, लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रशासनिक निर्णयों पर कठोर सवाल उठाना विपक्ष का संवैधानिक दायित्व है। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब नीतिगत असहमति को व्यक्तिगत अपमान से जोड़ दिया जाता है और तर्क के स्थान पर कटाक्ष को राजनीतिक प्रभाव का माध्यम बनाया जाने लगता है। किसी नेता के प्रत्येक बयान को एक ही श्रेणी में रखना उचित नहीं, लेकिन बार-बार होने वाले विवादों से राजनीतिक भाषा के स्तर पर विचार करने की आवश्यकता अवश्य पैदा होती है। यहां कांग्रेस के सामने एक बड़ी चुनौती है। विपक्ष के रूप में उसकी सार्थकता इस बात से तय होगी कि वह जनता के जीवन से जुड़े प्रश्नों पर कितना प्रभावी विमर्श खड़ा करती है। किसानों की समस्याएं, युवाओं के रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक असमानता और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर ठोस विकल्प प्रस्तुत करना उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यदि सार्वजनिक चर्चा बार-बार प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणियों तक सिमट जाती है, तो नीतिगत बहस पीछे छूटने का खतरा रहता है। इससे विपक्ष की आलोचना का वास्तविक आधार भी कमजोर पड़ सकता है। राजनीतिक विमर्श में मुद्दों की जगह व्यक्तियों को केंद्र में रख देने से लोकतंत्र को अपेक्षित लाभ नहीं मिलता। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व और उनकी वैश्विक सक्रियता भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण पहलू हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उनकी विदेश यात्राएं, विभिन्न देशों के नेतृत्व के साथ संवाद, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भागीदारी और आर्थिक एवं रणनीतिक साझेदारियों को आगे बढ़ाने के प्रयास देश की वैश्विक भूमिका से जुड़े हैं। उनके समर्थक इन गतिविधियों को भारत की प्रतिष्ठा और प्रभाव में वृद्धि के रूप में देखते हैं। साथ ही, किसी भी प्रधानमंत्री के कार्यकाल का निष्पक्ष आकलन केवल अंतरराष्ट्रीय छवि से नहीं, बल्कि घरेलू नीतियों, आर्थिक परिणामों, सामाजिक समावेशन और शासन के रिकॉर्ड से भी किया जाना चाहिए। लोकतंत्र की सुंदरता इसी में है कि नेतृत्व की उपलब्धियों का सम्मान हो और उसके निर्णयों की आलोचनात्मक समीक्षा भी संभव बनी रहे।

यह भी विचारणीय है कि किसी नेता के विरुद्ध जितनी अधिक व्यक्तिगत और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल होता है, उतना ही उसके समर्थकों में प्रतिक्रिया की भावना पैदा हो सकती है। नरेंद्र मोदी के संदर्भ में कांग्रेस की आलोचना का राजनीतिक असर हमेशा एक जैसा रहा हो, ऐसा निष्कर्ष निकालना तथ्यों से परे होगा। चुनावी परिणाम अनेक कारणों से प्रभावित होते हैं-नेतृत्व, संगठन, स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवार, गठबंधन और मतदाताओं की अपेक्षाएं। फिर भी, यह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक जोखिम है कि यदि विपक्ष अपनी आलोचना को प्रमाण और नीतिगत विकल्पों के बजाय व्यक्तिगत टिप्पणियों पर आधारित करता है, तो वह अपनी बात जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का अवसर खो सकता है। इसके विपरीत भाजपा को भी केवल विरोधियों के विवादास्पद बयानों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय अपने कामकाज और नीतियों के आधार पर जनता के सामने जवाबदेह रहना चाहिए।

राजनीति की भाषा समाज के व्यवहार को प्रभावित करती है। जब शीर्ष नेता सार्वजनिक मंचों पर संयम खोते हैं, तब उनके समर्थकों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के बीच भी कटुता बढ़ने की आशंका रहती है। सोशल मीडिया इस प्रवृत्ति को और तेज कर देता है, जहां किसी बयान का छोटा-सा अंश पूरे विमर्श पर हावी हो सकता है। इसलिए नेताओं को बोलने से पहले शब्दों के सामाजिक प्रभाव और पद की गरिमा पर विचार करना चाहिए। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को अपमानित करना और उसके तर्क को पराजित करना दो अलग बातें हैं, लोकतंत्र में दूसरी बात अधिक महत्वपूर्ण है।



मेष राशिः आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे-संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही, लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज आपको अपने करियर में गुरु का सहयोग प्राप्त होगा, आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस दिलाएगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाए रखने के लिए आपको टहलना चाहिए।

वृष राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। अगर आप अपने जीवनसाथी से स्नेह की आशा रखते हैं, तो आज का दिन आपकी आशाओं को पूरा करेगा। आज जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं और अच्छे मौसम का लुत्फ भी उठाएंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। परिवार के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करेंगे।

मिथुन राशिः आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। इस राशि के लोगों का जीवनसाथी के साथ रिश्ता मधुर बनेगा, साथ ही रात को डिनर के लिए किसी अच्छे रेस्टोरेंट में भी जाएंगे। किसी काम में भाई-बहन से पूरा सपोर्ट मिलने की उम्मीद है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोगों से पूरा सहयोग मिलेगा। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आएंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो लोग रोजगार की तलाश में हैं, उन्हें किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। यात्रा के कारण आप थोड़ा थकान महसूस कर सकते हैं, लेकिन शाम तक अच्छा महसूस करेंगे। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं ।

सिंह राशिः आज आपका दिन सामान्य बना रहेगा। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, वे किसी सामाजिक कार्यक्रम में जा सकते हैं और वहां आपकी बातों पर सबका ध्यान केंद्रित होगा। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुर रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा

कन्या राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। स्वास्थ्य बे

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी, नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। 38 वर्षीय मैक्सवेल का अंतरराष्ट्रीय करियर 14 साल तक चला। उन्होंने आखिरी बार आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में ओमान के खिलाफ मुकाबले में हिस्सा लिया था। अपने संन्यास की घोषणा करते हुए ग्लेन मैक्सवेल ने द फाइनल वर्ड पॉडकास्ट पर कहा कि यह फैसला थोड़ा दुखद है लेकिन मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर रहा हूं।

उन्होंने चयनकर्ताओं के साथ हुई बातचीत के बारे में कहा कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले और बाद में हमारी कई बार चर्चा हुई थी। यह बातचीत काफी खुली और स्पष्ट थी। अपने करियर को लेकर मैक्सवेल ने कहा कि मैं शुक्रगुजार हूँ कि मुझे अपने देश के लिए खेलने का मौका मिला। अगर 2009 के आसपास जब मैंने पहली बार विक्टोरिया के ड्रेसिंग रूम में कदम रखा था, तब किसी ने मुझे ऐसा करियर देने की बात कही होती, तो मैं खुशी-खुशी इसे स्वीकार कर लेता। ग्लेन मैक्सवेल के संन्यास के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का एक यादगार अध्याय समाप्त हो गया है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी, शानदार फील्डिंग और उपयोगी गेंदबाजी के दम पर उन्होंने दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों के बीच खास पहचान बनाई। मैक्सवेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में ऑस्ट्रेलिया का तीनों प्रारूपों में प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 149 वनडे, 130 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 7 टेस्ट मुकाबले खेले। इस दौरान वह ऑस्ट्रेलिया की दो वनडे विश्व कप (2015 और 2023) तथा एक टी20 विश्व कप (2021) जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। सफेद गेंद के क्रिकेट में मैक्सवेल का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर मैक्सवेल ने कई मौकों पर ऑस्ट्रेलिया को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। खास तौर पर 2023 वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ उनकी ऐतिहासिक दोहरा शतकीय पारी क्रिकेट इतिहास की यादगार पारियों में शामिल है।

उस मुकाबले में उन्होंने चोट और मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद नाबाद दोहरा शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई थी। मैक्सवेल के वनडे करियर की बात करें तो उन्होंने 149 मैचों में 3990 रन बनाए। वहीं, टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके बल्ले से 2897 रन निकले, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 154.4 का रहा। सात टेस्ट में 339 रन बनाए। इसके अलावा मैक्सवेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल 10 शतक लगाए और 136 विकेट भी हासिल किए।

भारत के खिलाफ पहले वनडे से बाहर हुए न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे

एजेंसी, ऑकलैंड (न्यूज़ीलैंड)



भारत के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले से पहले न्यूज़ीलैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे चोट के कारण पहले वनडे मैच से बाहर हो गए हैं। भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत बुधवार यानी चार नवंबर से हो रही है। पहला मैच ऑकलैंड में खेला जाएगा। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने बताया कि मंगलवार को ईडन पार्क में अभ्यास सत्र के दौरान कैच पकड़ने की कोशिश में कॉनवे और उनके साथी खिलाड़ी मैट हेनरी के बीच टक्कर हो गई। इसके तुरंत बाद दोनों खिलाड़ियों को मैदान पर मौजूद मेडिकल स्टाफ ने प्राथमिक उपचार दिया।

इसके बाद दोनों की सिर की चोट से जुड़ी जांच (हेड इंजरी असेसमेंट) की गई। जांच के बाद डेवोन कॉनवे को आगे की चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें कन्कशन (सिर में चोट के कारण मस्तिष्क पर असर) होने की पुष्टि हुई। इसी वजह से वह भारत के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के अनुसार दोनों खिलाड़ियों की लगातार निगरानी की जाएगी। हालांकि, मैट हेनरी फिलहाल टीम में चयन के लिए उपलब्ध माने जा रहे हैं। न्यूज़ीलैंड की टीम पहले से ही मार्क चैपमैन और रचिन रवींद्र की चोटों से परेशान है। ऐसे में पहले वनडे से ठीक पहले कॉनवे का बाहर होना टीम के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है।

एएफसी एशियन कप 2027 स्थगित, अब 23 दिसंबर 2027 से 21 जनवरी 2028 तक होगा टूर्नामेंट

एजेंसी, रियाद (सऊदी अरब)



एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन (एएफसी) ने एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 के कार्यक्रम में बदलाव की घोषणा की है। पहले यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट सात जनवरी से पांच फरवरी 2027 तक आयोजित होना था, लेकिन अब इसे स्थगित कर दिया गया है।

नई तारीखों के अनुसार, टूर्नामेंट 23 दिसंबर 2027 से 21 जनवरी 2028 तक खेला जाएगा। एएफसी ने एक बयान में बताया कि मंगलवार को यह फैसला सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ (एसएएफएफ) और टूर्नामेंट की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) के साथ विस्तृत चर्चा और विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। क्षेत्र में मौजूदा असाधारण परिस्थितियों, लॉजिस्टिक चुनौतियों और यात्रा संबंधी बाधाओं को देखते हुए टूर्नामेंट की तारीखों में बदलाव किया गया है। टूर्नामेंट की नई तारीखें मंजूरी के लिए फीफा के पास भेजी जाएंगी।

एएफसी के अनुसार, मौजूदा परिस्थितियों में पहले से निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन करना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में सभी भाग लेने वाली टीमों, अधिकारियों, दर्शकों और अन्य हितधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट को स्थगित करना आवश्यक हो गया। एएफसी ने विश्वस्तरीय टूर्नामेंट के आयोजन के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने के लिए सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ और स्थानीय आयोजन समिति की सराहना की है। साथ ही कहा है कि वह आयोजन समिति, भाग लेने वाले सदस्य संघो, प्रायोजकों, प्रसारण एवं व्यावसायिक साझेदारों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा, ताकि एशिया की इस प्रतिष्ठित पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा सके।

हाइलो ओपन-2026 का खिताब जीतकर पीवी सिंधु विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर

एजेंसी, नई दिल्ली



जर्मनी में हाल ही में हुए 'हाइलो ओपन-2026' में खिताब जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु अपनी विश्व रैंकिंग में और सुधार करके छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। महिला सिंगल्स के फाइनल में भारतीय खिलाड़ी ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड को 21-12, 21-14 से हराकर इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीता। इससे पहले, उन्होंने इस साल 'जापान ओपन' का खिताब भी अपने नाम किया था।

इस 'सुपर 500' खिताब से उन्हें 9,200 अंक मिले, जिससे बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग के ताजा अपडेट में वह दो स्थान ऊपर आ गईं। एक हफ्ते पहले 'फ्रेंच ओपन' में शानदार प्रदर्शन के बाद सिंधु टॉप-10 में शामिल हुई थीं (तीन स्थान की छलांग लगाकर आठवें नंबर पर पहुंची थीं), जहां फाइनल में उन्हें विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी एन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले वह अक्टूबर, 2022 में टॉप-5 में थीं, जब वह कुछ समय के लिए विश्व की नंबर 5 खिलाड़ी बनी थीं। महिला एकल वर्ग में अन्य भारतीय खिलाड़ियों की बात करें, तो तन्वी शर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि उन्नति हुड्डा दो स्थान नीचे खिसककर 23वें नंबर पर पहुंच गई हैं। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन ने भी सुधार किया है। 'हाइलो ओपन' का खिताब जीतने के बाद वह एक स्थान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर पर आ गए हैं।

बिजनेस

अब एनएसई आईएक्स पर होगा सिर्फ आधे घंटे का ब्रेक, 23:30 घंटे होगी लगातार ट्रेडिंग

एजेंसी, नई दिल्ली



गुजरात की गिफ्ट सिटी में स्थित एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज (एनएसई आईएक्स) पर अब 24 घंटे में सिर्फ आधे घंटे का ही ब्रेक होना शुरू हो गया है। मतलब अब एनएसई आईएक्स में ट्रेडिंग टाइम को बढ़ाकर अब रोजाना 23 घंटे 30 मिनट कर दिया है। इसे ऐसे भी कहा जा सकता है कि अब ये एक्सचेंज सिर्फ टी-ब्रेक जितनी अवधि के लिए ही बंद होगा। यह नई व्यवस्था सोमवार से ही प्रभावी हो चुकी है।

एक्सचेंज की ओर से जारी किए गए बयान के अनुसार इस बड़े रणनीतिक फैसले के बाद हुए बदलाव के कारण अब इस अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय समयानुसार सुबह 3:15 बजे से ट्रेडिंग शुरू हो जाती है, जो अगले दिन तड़के 2:45 बजे तक लगातार चलती रहती है। यानी 24 घंटे में यह बाजार तकनीकी रख-रखाव के लिए सिर्फ आधे घंटे के संक्षिप्त ब्रेक को छोड़ कर हर वक्त खुला रहेगा। एक्सचेंज में और तिथि का बदलाव (डेट चेंज) भी ट्रेडिंग को रोके बिना ही होगा। मतलब रात बारह बजते ही खुद ही एक्सचेंज का डेट चेंज हो जाएगा। एक्सचेंज के इस कदम का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के विभिन्न टाइम जोन, विशेषकर एशिया, यूरोप और अमेरिका के निवेशकों को एक ही मंच पर लगातार कारोबार करने की सुविधा देना है। इस विस्तारित समय के चलते अंतरराष्ट्रीय पार्टिसिपेंट्स को दुनिया भर के बाजारों में होने वाली किसी भी बड़ी हलचल या खबर पर तुरंत फैसला लेने और अपने वित्तीय जोखिमों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने की बड़ी आजादी मिलेगी। इसे एक्सचेंज की ग्लोबल रीच (वैश्विक पहुंच) को बढ़ाने और भारत को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय मानचित्र पर और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इतने लंबे कारोबारी घंटों के बीच तकनीकी व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक्सचेंज ने अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है। इसके तहत ट्रेडिंग सत्र के दौरान सिस्टम का मेंटेनेंस मात्र 3 मिनट के भीतर पूरा कर लिया जाता है, जबकि दिन की समाप्ति पर होने वाले बड़े तकनीकी अपडेट्स को भी 15 मिनट से कम समय में निपटा लिया जाता है। इस बेहतरीन तकनीक के दम पर एनएसई आईएक्स ने वैश्विक स्तर पर लगातार 24 घंटे और हफ्ते के पांचों दिन कारोबार का एक नया अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क स्थापित कर दिया है। इस महत्वपूर्ण बदलाव पर खुशी जताते हुए एनएसई आईएक्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ वी. बालासुब्रमण्यम ने कहा है कि ट्रेडिंग का समय साढ़े तेईस घंटे करना गिफ्ट सिटी को दुनिया के लिए एक सुलभ और जुड़े हुए बाजार के रूप में स्थापित करने की दिशा में बेहद अहम पड़ाव है। इससे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को कारोबार में अधिक लचीलापन मिलेगा और ग्लोबल मार्केट के साथ गिफ्ट सिटी का तालमेल और गहरा होगा। साल 2017 में स्थापित हुआ यह इंटरनेशनल मल्टी-एसेट एक्सचेंज देश-विदेश के निवेशकों को सिंगल-स्टॉक, इंडेक्स, करेंसी डेरिवेटिव्स और ग्लोबल स्टॉक्स जैसे कई वित्तीय उत्पादों में ट्रेड करने की सुविधा देता है।

केंद्र सरकार ने नए विमान नियम किए अधिसूचित, जनवरी, 2027 से होंगे लागू

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 90 साल पुराने विमान कानून की जगह 'भारतीय वायुयान नियम-2026 को अधिसूचित कर दिया है। ये नए नियम 1 जनवरी, 2027 से पूरे देश में लागू होंगे, जो पुराने विमान नियम, 1937 का स्थान लेंगे। हालांकि, मौजूदा नियमों की तुलना में नए नियमों में किए गए विशिष्ट बदलावों का तत्काल पता नहीं चल सका है। अधिसूचना के मुताबिक नए नियमों के तहत एयरलाइंस को टिकट बुक करते समय किराये और सभी शुल्कों का अलग-अलग ब्योरा देना होगा। ये जानकारी बुकिंग वेबसाइट और जारी टिकट, दोनों पर देनी होगी। ब्योरे में कुल रकम के साथ किराया, टैक्स, फीस, कैंसिलेशन चार्ज और रिफंड की शर्तें भी अलग-अलग बतानी होंगी। किसी अन्य शुल्क की जानकारी भी देनी होगी। एयरलाइन कंपनियों के तय किए गए किराये की निगरानी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) करेगा। यह नियम भारतीय वायुयान विधेयक-2024 के तहत बनाए गए हैं, जिसने 90 साल पुराने विमान अधिनियम-1934 का स्थान लिया है।

विस्कॉन इंडस्ट्रीज की स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत, घाटे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी, नई दिल्ली



अपने फ्लैगशिप ब्रांड विस्कॉन के तहत एलईडी टीवी, एयर कूलर, वाशिंग मशीन और एयर कंडीशनर जैसे कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स का कारोबार करने वाली दिल्ली की कंपनी विस्कॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 204 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी बदलाव के 204 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण ये ये शेयर फिसल कर 194 रुपये के स्तर तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस शेयर की हालत में कुछ सुधार भी हुआ। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 2:40 बजे तक का कारोबार होने के बाद ये शेयर 201 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर तीन रुपये यानी 1.47 प्रतिशत का नुकसान हो गया है। इस कंपनी का 110 करोड़ रुपये का आईपीओ 27 से 29 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.12 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.24 गुना (एक्स एंकर) सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) और रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन पूरी तरह से सब्सक्राइब भी नहीं हो सका था। एनआईआई के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 62 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन आया था। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 65 प्रतिशत सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 53,92,200 शेयर जारी किए गए हैं। इसके तहत 88.01 करोड़ रुपये मूल्य के 43,14,000 नए शेयर जारी हुए हैं, जबकि कंपनी के प्रमोटर सिद्धांत डालमिया द्वारा 22 करोड़ रुपये मूल्य के 10,78,200 शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल के जरिए की गई है। इस आईपीओ के तहत नए शेयरों की बिक्री से जुटाई गई राशि में से 15.04 करोड़ रुपये का निवेश कंपनी अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी डब्ल्यूओएस डालमिया टेक्नोलॉजीज लिमिटेड में करेगी, ताकि वहां प्लांट और मशीनरी की खरीद के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर किया जा सके।

इंडिगो के बेड़े में साल 2027 तक शामिल होंगे 14 'ए321 एक्सएलआर' विमानः विली वॉल्श

एजेंसी, नई दिल्ली



इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विली वॉल्श ने मंगलवार को कहा कि दिसंबर 2027 के अंत तक एयरलाइन के बेड़े में कुल 14 नैरो-बॉडी 'ए321 एक्सएलआर' विमान शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि एयरलाइन अपने अंतरराष्ट्रीय परिचालन का विस्तार करने की योजना बना रही है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में विली वॉल्श ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल कंपनी के बेड़े में 'ए321 एक्सएलआर' के चार विमान हैं, जबकि इस साल के अंत तक एक और विमान शामिल किया जाएगा। वॉल्श ने कहा कि इन विमानों की रेंज अधिक है, जिससे एयरलाइन को विदेशों में और अधिक जगहों तक अपनी सेवाएं पहुंचाने में मदद मिलेगी। विली वॉल्श ने 'एविएशन इंडिया एंड साउथ एशिया 2026' सम्मेलन में बोलते इस बात पर भी जोर दिया कि एयरलाइन का मुख्य फोकस छोटी दूरी (शॉर्ट-हॉल) की उड़ानों पर बना रहेगा और उनकी लागत संरचना (कॉस्ट बेस) बहुत ही किफायती है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन, जिसने लीज पर लिए गए वाइड-बॉडी बोइंग 787 विमानों का परिचालन बंद कर दिया है, उसे 2028 की दूसरी तिमाही से अपने A350-900 विमान मिलने की उम्मीद है।

सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना 470 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 510 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। माना जा रहा है कि सोने के भाव में धनतेरस और दिवाली की वजह से तेजी का ये माहौल बना है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। शुरुआती कारोबार में आज भी ये चमकीली धातु सोमवार के भाव पर ही बिक रही है। भाव में बदलाव आने के कारण देश के अलग-अलग सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,39,380 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,39,530 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,27,760 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,27,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण यह चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के पुराने स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,39,530 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,27,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

देश की बायोइकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए तेज मंजूरी प्रक्रिया और आसान फंडिंग जरूरीः गोयल

एजेंसी, नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश की जैव अर्थव्यवस्था (बायोइकोनॉमी) को गति देने के लिए नियामकीय मंजूरियों की प्रक्रिया तेज करने, स्टार्टअप्स के लिए वित्त पोषण को आसान बनाने और उद्योग तथा शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि गोयल ने नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में "भारत में बायोइकोनॉमी अवसरः नवाचार और विकास को बढ़ावा देने में स्टार्टअप्स की भूमिका" विषयक एक उच्च-स्तरीय गोलमेज बैठक की अध्यक्षता के दौरान यह बात कही। इसका आयोजन उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने नीति आयोग और नीति फ्रंटियर टेक हब के सहयोग से किया था। गोयल ने अपने संबोधन में भारत की वैज्ञानिक क्षमताओं और उद्यमशीलता प्रतिभा का उपयोग करके भारत को बायोइकोनॉमी में विश्व स्तर पर अग्रणी देश (ग्लोबल लीडर) के रूप में स्थापित करने की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने तेजी से मंजूरी मिलने, वित्त तक बेहतर पहुंच, साझा बुनियादी ढांचे और उद्योग, शिक्षा जगत तथा सरकार के बीच मजबूत सहयोग के महत्व को रेखांकित किया।

बॉक्स ऑफिस पर 'जेलर 2 की धूम, दुनियाभर में कमाई 807 करोड़ रुपये के पार, 'उड़ता तीर की कमाई में सप्ताहांत पर बढ़ोतरी



सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2 बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। रिलीज के 18 दिन पूरे कर चुकी यह फिल्म तीसरे सप्ताह में भी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में सफल रही है। रविवार को फिल्म ने एक बार फिर अच्छी कमाई दर्ज की और इसका दुनियाभर का कुल कारोबार 807 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। दूसरी ओर, आयुष्मान खुराना और सारा अली खान अभिनीत फिल्म 'उड़ता तीर की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी है, लेकिन सप्ताहांत में इसके कारोबार में भी बढ़ोतरी देखने को मिली। फिल्म कारोबार के आंकड़े जारी करने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, 'जेलर 2 ने प्रदर्शन के 18वें दिन यानी रविवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 11.20 करोड़ रुपये की कमाई की। इससे एक दिन पहले 17वें दिन फिल्म ने 9.70 करोड़ रुपये जुटाए थे। इसके साथ ही फिल्म का कुल घरेलू शुद्ध कारोबार 456.30 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। फिल्म अब 500 करोड़ रुपये के घरेलू शुद्ध कारोबार के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। इसके लिए उसे आने वाले दिनों में अपनी कमाई की रफ्तार बनाए रखनी होगी। विदेशी बाजारों में भी फिल्म का प्रदर्शन अच्छा रहा है। 18वें दिन विदेशों से फिल्म ने तीन करोड़ रुपये कमाए। इसके साथ ही विदेशी बाजारों में इसका कुल कारोबार 273.50 करोड़ रुपये हो गया है। भारत और विदेशों की कमाई मिलाकर फिल्म का दुनियाभर का कुल कारोबार 807.25 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर को बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित रफ्तार नहीं मिल पाई है। हालांकि, सप्ताहांत में फिल्म की कमाई में कुछ सुधार देखने को मिला। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने प्रदर्शन के 10वें दिन रविवार को 4.35 करोड़ रुपये कमाए। इससे पहले नौवें दिन शनिवार को इसने चार करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म का अब तक का घरेलू कुल कारोबार 42.10 करोड़ रुपये हो चुका है, जबकि दुनियाभर में इसकी कुल कमाई 61.50 करोड़ रुपये बताई गई है। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी 'उड़ता तीर जासूसी और हास्य-नाट्य शैली की फिल्म है।

इसमें आयुष्मान खुराना और सारा अली खान के अलावा राम कपूर, गुलशन ग्रोवर, राहुल बोस, गौरव गेरा और दिवंगत अभिनेता मुकुल देव भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। दोनों फिल्मों के कारोबार पर अब आने वाले दिनों में दर्शकों की प्रतिक्रिया और सिनेमाघरों में उनकी पकड़ का असर देखने को मिलेगा।

अभिनेत्री फातिमा सना शेख का सिजलिंग एथनिक लुक वायरल

सिल्क साड़ी में ढाया कहर

फातिमा ने इंस्टाग्राम पर बेहद ही दिलकश तस्वीरें की शेयर



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा फातिमा सना शेख अपनी शानदार एक्टिंग के साथ-साथ अपने कमाल के फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में फातिमा ने इंस्टाग्राम पर अपने नए फोटोशूट की कुछ बेहद ही दिलकश तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया का पारा चढ़ा दिया है। पारंपरिक भारतीय परिधान साड़ी को जिस आत्मविश्वास, सिज़लिंग अंदाज़ और आधुनिकता के साथ फातिमा ने कैरी किया है, वह देखने लायक है। तस्वीरों में फातिमा सना शेख पिस्ता ग्रीन रंग की बेहद खूबसूरत सिल्क साड़ी में नजर आ रही हैं। साड़ी पर बारीक गोल्ड ज़री, सेक्विन वर्क और एथनिक फ्लोरल मोटिफ्स की एम्ब्रॉयडरी की गई है। साड़ी को एक ग्लैमरस ट्विस्ट देने के लिए फातिमा ने इसके साथ गहरे मैरून और गोल्डन ज़री की सघन एम्ब्रॉयडरी वाला स्लीवलेस ब्लाउज पेयर किया है। इस ब्लाउज की डीप प्लंजिंग स्वीटहार्ट नेकलाइन और कट-वर्क डिज़ाइन उनके एथनिक लुक में बोल्डनेस और हॉटनेस का तड़का लगा रहा है। किसी तस्वीर में फातिमा कैमरे की ओर साइड-प्रोफाइल दिखाते हुए अपनी टोन्ड बैक और बैकलेस ब्लाउज की खूबसूरती को फ्लॉन्ट कर रही हैं। तो किसी तस्वीर में वह अपनी झुकी हुई निगाहों और उंगलियों से बालों को संवारते हुए क्लोज़-अप पोज़ दे रही हैं। फातिमा ने अपने इस एथनिक ग्लैमरस लुक को पूरा करने के लिए मिनिमल लेकिन बेहद प्रभावशाली मेकअप का चुनाव किया है। बालों के लिए उन्होंने मिडल-पार्टेड सॉफ्ट ओपन वेव्स हेयरस्टाइल चुना है, जो उनके कंधों पर बहते हुए उनके लुक को एक रॉयल और ड्रीमी वाइब दे रहा है। ज्वेलरी की बात करें तो फातिमा ने गले को खाली रखते हुए ध्यान सिर्फ अपने ईयररिंग्स पर केंद्रित रखा है। उन्होंने मैरून और पर्ल वर्क वाले हैवी पारंपरिक झूमके, हाथों में स्टेटमेंट कुंदन रिंग और हैवी कड़े पहन रखे हैं। फातिमा सना शेख की तस्वीरों के कमेंट सेक्शन में फैंस ने तारीफों की झड़ी लगा दी। कोई उनके एक्सप्रेशन्स को किलर बता रहा है। तो कोई उनके एथनिक स्टाइल को परफेक्ट फेस्टिवल एंड वेडिंग इंस्पिरेशन बता रहा है।

मीरा राजपूत ने लगाया तीसरे बच्चे की अटकलों पर विराम

लीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत ने उनके परिवार के विस्तार को लेकर चल रही तमाम तरह की अटकलों पर विराम लगा दिया है। मीडिया और सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर मीरा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह और शाहिद अब अपने परिवार में तीसरे बच्चे का आगमन नहीं चाहते हैं। यह बातचीत करीना कपूर द्वारा संचालित किए जाने वाले एक प्रसिद्ध टॉक शो के आगामी एपिसोड के दौरान देखने को मिली, जिसका प्रोमो हाल ही में जारी किया गया है। जारी किए गए प्रोमो में करीना कपूर और मीरा राजपूत के बीच काफी सहज, मजेदार और बेबाक चर्चा होती दिखाई दे रही है। बातचीत के दौरान जब करीना ने मीरा से पूछा कि उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन के बारे में अब तक की सबसे अजीब या हैरान करने वाली कौन सी अफवाह सुनी है, तो मीरा ने बिना झिझक के जवाब दिया। मीरा ने बताया कि उनके और शाहिद के तीसरे बच्चे को लेकर अक्सर मीडिया में झूठी खबरें और अटकलें लगाई जाती रहती हैं, जो बेहद अजीब लगती हैं। इस पर करीना ने मजाकिया अंदाज में चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसा होना मुमकिन भी हो सकता है, लेकिन मीरा ने तुरंत मुस्कुराते हुए स्पष्ट किया कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है और उनका परिवार अब पूरी तरह से संपन्न और पूरा है।

वेंकटेश-त्रिविक्रम की 'आदर्श कुटुंबम ने पहले सप्ताहांत में कमाए 75 करोड़ रुपये

अभिनेता वेंकटेश और निर्देशक त्रिविक्रम की फिल्म 'आदर्श कुटुंबम का बॉक्स ऑफिस पर पहला सप्ताहांत मिला-जुला रहा। बड़ी स्टार जोड़ी और दर्शकों के बीच पहले से बनी उम्मीदों के बावजूद फिल्म की शुरुआत अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। हालांकि, प्रदर्शन के दूसरे और तीसरे दिन इसकी कमाई में लगातार सुधार हुआ है। इससे फिल्म के निर्माताओं को आगे बेहतर कारोबार की उम्मीद बंधी है। फिल्म ने पहले सप्ताहांत में दुनियाभर में करीब 75 करोड़ रुपये का सकल कारोबार किया है। इसमें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का सबसे बड़ा योगदान रहा। इन दोनों राज्यों से फिल्म ने 50 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। कर्नाटक से करीब आठ करोड़ रुपये और देश के अन्य हिस्सों से दो करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। इस तरह भारत में फिल्म की कुल सकल कमाई लगभग 60 करोड़ रुपये रही, जबकि विदेशों से 15 करोड़ रुपये जुटाए। फिल्म के लिए राहत की बात यह है कि घरेलू बाजार में इसकी कमाई में प्रतिदिन बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूसरे दिन का कारोबार पहले दिन से बेहतर रहा,




जबकि तीसरे दिन की कमाई दूसरे दिन के मुकाबले अधिक रही। कारोबार में यह बढ़ोतरी दर्शाती है कि फिल्म को पारिवारिक दर्शकों का समर्थन मिल रहा है। हालांकि, वेंकटेश और त्रिविक्रम की लोकप्रिय जोड़ी को देखते हुए पहले सप्ताहांत का कुल कारोबार अभी भी अपेक्षाओं से कम माना जा रहा है। अब फिल्म की सफलता काफी हद तक आने वाले कार्यदिवसों में होने वाली कमाई पर निर्भर करेगी। खबरों के अनुसार, फिल्म को अपनी लागत निकालने के लिए दुनियाभर में करीब 125 करोड़ रुपये का सकल कारोबार करना होगा। अब तक फिल्म 75 करोड़ रुपये कमा चुकी है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसे अभी लगभग 50 करोड़ रुपये और जुटाने होंगे। फिल्म के सामने आने वाले दिनों में कड़ी प्रतिस्पर्धा भी रहने वाली है। पांच नवंबर को बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण : भाग-1 और छह नवंबर को सूर्या की फिल्म 'सीन सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है। ऐसे में दिवाली के आसपास फिल्मों के बीच दर्शकों को आकर्षित करने की होड़ तेज होगी। अब देखना होगा कि 'आदर्श कुटुंबम कार्यदिवसों में अपनी कमाई की रफ्तार बनाए रखते हुए लागत वसूली के लक्ष्य की ओर कितना आगे बढ़ पाती है।

चौहान से अजय देवगन की पहली झलक वायरल,

भारतीय सेना की वर्दी में आए नजर


अजय देवगन को आखिरी बार दृश्यम 3 में देखा गया था, जो इसी साल 2 अक्टूबर को रिलीज हुई। उसकी शानदार सफलता के बाद अभिनेता अपनी अगली फिल्म चौहान में जुट गए हैं। इसकी शूटिंग इन दिनों लद्दाख के कारगिल जिले में चल रही है। इस बीच फिल्म के सेट से अजय की एक तस्वीर सामने आई है, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही। इस तस्वीर में अभिनेता एक आर्मी अधिकारी के किरदार में दिख रहे हैं। नीरज यादव के निर्देशन में बन रही चौहान एक एक्शन-ड्रामा है। फिल्म के सेट से अजय का अनदेखा लुक सामने आया है। इसमें उनका लुक पहले से दुबला-पतला नजर आ रहा है। सेना की वर्दी पहने अभिनेता के काले-सफेद बाल हैं और उन्होंने चश्मा पहना हुआ है। तस्वीर में उनके साथ कुछ अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत शेरशाह (2021) के बाद चौहान पहली हिंदी फिल्म है, जिसकी शूटिंग कारगिल में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, चौहान कश्मीर में 2018 के उग्रवाद की पृष्ठभूमि पर आधारित बताई जाती है। शूटिंग पर अपडेट देते हुए एक सूत्र ने कहा, कलाकारों और क्रू ने कारगिल के ऐतिहासिक और रणनीतिक महत्व वाले क्षेत्रों में शूटिंग की, जिनमें नियंत्रण रेखा के पास स्थित हुंडरमन भी शामिल है। उन्होंने काक्सर गांव में भी फिल्मांकन किया है। उन्होंने



बताया कि फिल्म के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग दिसंबर से होगी। बता दें कि चौहान 1 अक्टूबर, 2027 को रिलीज होगी।

सिद्धार्थ और कियारा के साथ वरुण ने शेयर की तस्वीर

सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपने सह-कलाकार सिद्धार्थ मल्होत्रा और उनकी पत्नी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ अपनी हालिया मुलाकात की बेहद खूबसूरत तस्वीर साझा की है। साझा की गई इस तस्वीर में तीनों कलाकार काफी प्रसन्न मुद्रा में नजर आ रहे हैं, जहां पीछे कियारा एक मजाकिया अंदाज में पोज दे रही हैं और सिद्धार्थ अपनी पत्नी का ध्यान रखते दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद लंबे समय से दोनों अभिनेताओं के बीच किसी भी प्रकार की व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता या आपसी मनमुटाव की चल रही तमाम अफवाहों और अटकलों पर पूरी तरह से विराम लग गया है। वरुण धवन ने इस तस्वीर को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हुए एक बेहद आत्मीय संदेश भी लिखा। उन्होंने लिखा कि आपस में विचार-विमर्श या किसी बात पर बहस होना एक अलग विषय है, लेकिन उनके



और उनके भाई समान मित्र सिद्धार्थ के बीच कभी भी कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं रही है। इसके साथ ही उन्होंने शानदार आतिथ्य और मेहमाननवाजी के लिए अपनी भाभी यानी कियारा आडवाणी का विशेष रूप से धन्यवाद भी व्यक्त किया। इस पोस्ट ने दोनों कलाकारों के प्रशंसकों का दिल जीत लिया है और सोशल मीडिया पर यह तस्वीर तेजी से प्रसारित हो रही है। गौरतलब है कि वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने वर्ष 2012 में प्रदर्शित करण जौहर की बहुचर्चित फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से एक साथ अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।

सर्दियों में पारंपरिक कपड़े पहनने वाली महिलाएं इन 5 तरीकों से करें लेयरिंग

सर्दियों में भारतीय पारंपरिक कपड़े पहनने वाली महिलाएं अक्सर ठंड से बचने के लिए कई परतें पहनती हैं। हालांकि, सही तरीके से लेयरिंग न करने पर यह देखने में अच्छा नहीं लगता। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप सर्दियों में भी स्टाइलिश और आरामदायक रह सकती हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपने पारंपरिक लुक को और भी खास बना सकती हैं और ठंड से भी बच सकती हैं।

कुर्ता और कोट का मेल : सर्दियों में कुर्ता पहनना एक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन इसे और भी आकर्षक बनाने के लिए आप एक सुंदर कोट का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप प्रिंटेड कुर्ता पहन रही हैं तो सादे रंग का कोट चुनें। वहीं, अगर आपका कुर्ता सादे रंग का है तो प्रिंटेड कोट बेहतर रहेगा। इससे न केवल आपका लुक बेहद खास लगेगा, बल्कि ठंड से भी अच्छी तरह बचाव हो जाएगा। साड़ी के साथ शॉल पहनें : साड़ी के साथ शॉल पहनना एक शानदार तरीका है, जिससे आप ठंड से बच सकती हैं और स्टाइलिश भी दिख सकती हैं। शॉल को आप अपने कंधों पर डाल सकती हैं या इसे अपनी साड़ी के पल्लू की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। यह न केवल आपको गर्म रखेगा, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बनाएगा। अलग-अलग रंगों और डिजाइनों की शॉल चुनकर आप अपने साड़ी लुक को और भी आकर्षक बना सकती हैं।



धोती-पैंट और लंबे कोट का मेल

धोती-पैंट आजकल बहुत चलन में हैं और इन्हें सर्दियों में पहनना सुरक्षित रहता है। धोती-पैंट के ऊपर एक लंबा कोट पहनें, ताकि आपका पूरा शरीर ढका रहे। इसके साथ हल्के गहने पहनें, ताकि आपका लुक बहुत बनावटी न लगे। इन सभी तरीकों से आप न केवल ठंड से बच सकती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिख सकती हैं। सही कपड़ों का चयन करके आप हर मौसम में खास दिख सकती हैं।

अनारकली सूट और जैकेट का मेल : अनारकली सूट हमेशा से ही पारंपरिक और आकर्षक रहा है। सर्दियों में इसे और भी खास बनाने के लिए आप एक सुंदर जैकेट का इस्तेमाल कर सकती हैं। जैकेट न केवल आपको गर्म रखेगी, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बनाएगी। आप अलग-अलग रंगों और डिजाइनों की जैकेट चुन सकती हैं, ताकि आपका अनारकली सूट और जैकेट का मेल शानदार लगे। इस तरह से आप ठंड से बचते हुए भी स्टाइलिश दिख सकती हैं। लहंगा-चोली हमेशा से ही शादी-ब्याह जैसे खास मौकों पर पहना जाता रहा है, लेकिन सर्दियों में इसे पहनना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इसके लिए आप लहंगा-चोली के नीचे एक लंबा कुर्ता पहन सकती हैं। यह न केवल आपको गर्म रखेगा, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बनाएगा। इसके साथ ही आप हल्के गहनों का इस्तेमाल करके अपने लुक को और भी आकर्षक बना सकती हैं। आप कुर्ते के अंदर स्वेटर आदि पहन सकती हैं।

Introspect on need to improve judiciary responsiveness: CJI

New Delhi, Agency: Flagging the importance of timely intervention by courts in crucial matters, CJI Surya Kant said the difference between justice and injustice was not in the final judgement but in whether the court intervened when "intervention was most needed". He underlined the need for the judiciary, particularly constitutional courts, to introspect to further improve their working and to make listing of cases "more transparent and predictable".

Speaking at the platinum jubilee celebration of Kerala HC, CJI Kant said constitutional justice in India did not begin and end in New Delhi and its strength lay in the robust network of 25 HCs spread across the country, each entrusted with the duty of protecting rights and upholding the rule of law.

He said HCs were better placed to deal with citizens' problems as they were closely connected with the everyday realities of people.

"It is in this context that I wish to emphasise the extraordinary constitutional significance of Article 226.



Its breadth is one of the greatest strengths of our judicial architecture. While Article 32 guarantees access to SC for enforcement of fundamental rights, Article 226 empowers HCs to issue appropriate writs and directions not only for fundamental rights but also for other legal rights. This wide constitutional canvas allows HCs to fashion meaningful remedies across diverse legal, statutory, administrative and contractual disputes. Equally important is their power to grant timely interim protection," the CJI said.

He said there has been a growing tendency of litigants to approach SC requesting directions for urgent listing or early hearing of matters pending before HCs and asked whether the present process could be improved, including listing of cases.

"SC has consistently respected the institutional autonomy of HCs, including their authority to regulate their own rosters. That position is rooted in respect for the constitutional status of these institutions. Yet, the frequency of such requests invites us to consider whether there is room to improve the responsiveness of our processes. We must ask ourselves: Can urgent matters be identified more effectively? Can listing procedures be made more transparent and predictable? Can technology assist in prioritising cases where delay may cause irreversible prejudice?..." he said.

BRIFF NEWS

SC upholds HC order allowing I-T to reassess income of ex-CJI's sons



New Delhi, Agency: Holding that the income tax department is not precluded from conducting reassessment upon discovering evidence suggesting income had escaped assessment, Supreme Court upheld a Delhi high court order allowing the agency to reassess the income of the sons of former Chief Justice of India YK Sabharwal for 2008-09 and 2009-10.

A bench of Justices J B Pardiwala and K Vinod Chandran dismissed the Sabharwals' appeal and said the notice issued by the department in 2015 was valid as it was based on reasons duly recorded and on tangible material of a report of its investigation unit.

Recording details of financial transactions, the Supreme Court bench noted Chetan Sabharwal along with his brother Nitin Sabharwal and two other shareholders entered into two share purchase agreements with GYS Real Estate Pvt Ltd (buyer company) for a sale of 7.5 lakh equity shares of Pawan Impex (P) Ltd and 2.5 lakh equity shares of SVIIT Software (P) Ltd held by each of the parties for a sale consideration of Rs 195 crore and Rs 60 crore, respectively. The appellant and other selling shareholders were each entitled to 1/4th share of the total consideration.

CBI extradites Mahadev App kingpin Sourabh Chandrakar from Oman



New Delhi, Agency: In a major breakthrough against transnational organized crime, CBI in coordination with other Central agencies, has extradited Sourabh Chandrakar, the promoter and alleged kingpin of the Mahadev App illegal online betting syndicate, from the Sultanate of Oman. A special CBI team travelled to Muscat, took custody of Chandrakar, and escorted him back to India. Following a mandatory medical examination and the acquisition of a transit remand, he will be taken to Raipur and produced before the CBI Special Judge Monday. Chandrakar is wanted in two CBI cases, in which chargesheets have already been filed, as well as an Enforcement Directorate (ED) case where a prosecution complaint has been submitted and several properties in India and abroad have been attached. The investigation into the Mahadev Online Book cases was taken up by the CBI at the request of the Chhattisgarh government.

The probe revealed that the syndicate operated as one of the country's largest illegal online betting networks run from outside India, facilitating unlawful betting on cricket, football, card games, and other events through a widespread system of franchised "panels" and "branches."

Proceeds from the illegal betting network were funneled through numerous mule bank accounts, layered via multiple transactions, and moved overseas through hawala channels.

6 Indian trekkers 'ignore weather warnings', get stranded in Nepal

New Delhi, Agency: Six Indian trekkers, including four men and two women, remained stranded in Nepal's snowbound Upper Dolpa region Sunday after allegedly ignoring weather warnings and leaving their guide behind to continue towards Shey-Phoksundo Lake. A technical fault in a Nepal Army helicopter delayed rescue efforts, while heavy snowfall linked to Cyclone Arnab made mountain trails inaccessible.

The six - Moumita Halder, Piyali Koley, Jajla Trivedi Kumar, Aditya Singha, Diplina Biswas and Rajesh De - got stranded on Saturday afternoon in Danigad, roughly 300km northwest of Kathmandu. Their destination, Shey-Phoksundo Lake, lies at an altitude of about 3,600 metres



and is considered Nepal's deepest lake, with an estimated depth of 145 metres.

Nepal's Department of Hydrology and Meteorology had warned of rain, heavy snow and avalanche risks between Oct 29 and 31, prompting restrictions on high-altitude travel. Dolpa chief district officer Junu Hamal Dhakal said, "The group continued towards the lake despite warnings from security personnel and their Nepalese guide about worsening weather. They left the guide behind and pressed ahead as snowfall intensified, disregarding restrictions the district administration had imposed on travel towards Upper Dolpa. Locals also warned them that heavy snow could make the mountain passes impassable."

The guide alerted authorities on Saturday evening after losing contact with the trekkers. By Sunday morning, the administration had mobilised security personnel and sought helicopter assistance. "We have located the area where they are stranded, and an Army helicopter is arriving to rescue them. We hope to rescue them soon," Dhakal said.

India trying to bring Russia Ukraine & Europe to the table on 3 fronts: Jaishankar

New Delhi, Agency: External affairs minister S Jaishankar on Sunday said India has held discussions with Russia, Ukraine and European countries on protecting civilian shipping, restoring grain exports through the Black Sea and preventing attacks on energy infrastructure amid the ongoing Russia-Ukraine war.According to news agency Media, Speaking on the sidelines of the G20 foreign ministers' meeting in Atlanta, Jaishankar said India was engaging with the parties on three key aspects of the conflict, including the safety of civilian vessels and seafarers, the restoration of grain shipments from Russia and Ukraine, and preventing attacks on energy infrastructure. He said India was trying to bring the concerned parties together to address these issues. "One, not to attack civilian shipping and seafarers," he said, outlining the first of the three areas discussed with Russia, Ukraine and Europe. On the second issue, Jaishankar stressed the need to restore grain shipments from both Russia and Ukraine, warning that exports through the Black Sea had declined sharply amid the conflict.

Three held over pro-Khalistan graffiti at Delhi Metro stations after Diljit concert

New Delhi, Agency: Three people, including a woman have been arrested for allegedly writing pro-Khalistan slogans at two Delhi Metro stations, police said on Sunday.



The arrests come days after singer Diljit Dosanjh performed in the capital on Friday as part of his Aura India Tour. Dosanjh is scheduled to take the tour to several other cities across the country over the next two months.

The graffiti was found at Jahangirpuri and Shastri Nagar Metro stations on October 29 and 30, respectively. Police said the accused were allegedly promised substantial financial rewards for defacing public property at prominent locations in Delhi.

The arrested persons have been identified as Sumeet alias Raftar (30), a resident of Panipat in Haryana, and Sumit Kumar alias Kaka (22) and Gurpreet (22), both from Punjab. According to Deputy Commissioner of Police (Special Cell) Narra Chaitanya, the investigation revealed that Sumit Kumar was allegedly the main instigator. Sumeet allegedly painted the slogans near Gate No. 1 of Jahangirpuri Metro station and recorded a video of the act to send to his handlers.

Desi Bullet Train closer to reality as squeeze test nears completion

New Delhi, Agency: Paving the way for final production of the country's first indigenous Bullet Train, B28, the "Squeeze Test" or vehicle body shell test of the first coach is underway and will be completed next week. Railway minister Ashwini Vaishnaw witnessed the test at BEML's Bengaluru facility on Sunday.



A squeeze test is a safety assessment to determine whether a train's car body can withstand heavy external forces and pressure without excessive deformation or structural failure in case of a collision or crash. "Squeeze test of the integrated car body is at final stage. After this, propulsion system will be placed and all electronic systems will be put in place. Subsequently, a climatic test will be carried out wherein the car will be subjected to tests at high temperature of 50 degree Celsius and negative temperature, and dusty and heavy rain environment conditions," Vaishnaw said.

Railways plans to start the test run of the high-speed train, designed to operate at a maximum speed of 249 kmph and a testing speed of 275 kmph, from first quarter of 2027-2028 on Surat-Vapi (100 km) section of Ahmedabad-Mumbai High Speed corridor. The commercial run is scheduled for August 2027. Each bullet train will have eight coaches and another eight can be added later. The eight-car train can carry 557 passengers. BEML, a central PSU, is manufacturing the first two of the indigenous bullet trains, each comprising eight coaches.

Fake claims, evasion of Rs 5.3 crore land, techie couple in I-T net

New Delhi, Agency: In a stern message to those making false income tax claims, authorities have carried out a rare search action on an IT professional and his wife, estimating alleged bogus claims and tax evasion of Rs 5.3 crore over five years, according to the department. The couple also



face charges of forging documents.Tax officials found that deduction claims involved fake political donations, interest on home and education loans, while rental income was not disclosed. They had purchased half-a-dozen properties using some of these funds. It all started with the wife's tax return claiming a deduction of over Rs 40 lakh for a donation to a political party.

Golden Triangle's North East drug trade thrives on barter

New Delhi, Agency: International illicit drug syndicates operating out of the Golden Triangle of Myanmar, Thailand and Laos have turned to age-old barter trade, under which drugs like heroin and methamphetamine are smuggled into India through the porous borders of Northeastern states and payments are made in kind through supplies of petrol, diesel, flour, edible oil, groceries, medicines, footwear and clothing from their Indian network.

Drug lords across border ensure transactions are made without any money actually crossing border, according to an



investigation report compiled by the ED after week-long searches at 38 locations across the Northeast last week.

Myanmar has already replaced Afghanistan as world's largest illicit opium-producing region. With precursor chemicals moved from India to Myanmar, where drug manufacturing units are located, finished heroin, brown sugar and synthetic drug methamphetamine tablets are produced and carried across the Tiau river at Zokhawthar, the border crossing opposite Khawmawi in Myanmar. Consignments are staged at Champhai, from where they travel down the Champhai-Aizawl road and NH-06A to Aizawl, Vairengte and then to Assam and the rest of India, the ED report said.

ED has traced intermediaries who procured and supplied goods to syndicates in Myanmar. Over 1,400 mule bank accounts, mostly belonging to traders who procured these goods and supplied them to the network, have been frozen. Transactions involving goods worth over Rs 270 crore have been identified so far and six persons arrested. These transactions were handled by illicit money exchangers, or hawala networks, in Champhai, including Rs 125 crore in cash received from Assam, Nagaland, WB, Tripura & Delhi, ED said. Significantly, drug money reaching hawala accounts in Aizawl and Champhai came substantially from Delhi, Kolkata and Mumbai, ED added. Illegal money is converted into ordinary, commercially marketable goods, which are sent to border towns of Mizoram and onward to Myanmar.

CM Mann says opposition parties have nothing to offer Punjab, eyes AAP's return to power in 2027

New Delhi, Agency: Punjab chief minister Bhagwant Mann on Sunday alleged that the Shiromani Akali Dal, Congress and BJP had nothing constructive to offer the people of the state. He accused his opposition of prioritising political power and personal interests over public welfare.Addressing a gathering in Punjab, Mann said people had witnessed the difference between self-serving politics and development-driven governance. He also expressed confidence that the Aam Aadmi Party (AAP) would get another opportunity to govern the state in 2027.



Taking aim at the Akali Dal, Mann alleged that the party had failed to answer for the painful incidents of sacrilege and had been reduced to the Badal family and a handful of close associates. He described the Congress as a "divided house", where leaders were constantly at loggerheads with one another. "These political parties are hand in glove with each other, with their sole agenda being to grab power and protect their vested interests," he alleged.

Mann said people had trusted his government so far and expressed hope that they would continue to support it. "The people have witnessed the difference between politics driven by personal interests and governance driven by public welfare. They have trusted me so far, and I hope they will continue to repose their faith in me in the future as well," he said.

The chief minister also highlighted the government's Mukh Mantri Mawan-Dheeyan Satkar Yojna, under which Rs 1,291 crore was transferred to the bank accounts of more than 37.43 lakh beneficiaries.

He said more than 80 lakh women had registered for the scheme as of October 29. The government is working towards its target of covering one crore women, he added.